| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 80,710.25 |
| निफ्टी | ~ | 24,649.55 |
| सोना | ~ | 1,02,220 |
| चांदी | ~ | 1,15,000 |
| डॉलर | ~ | 87.79 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
गुरुवार 07 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल 13 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 313
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

## अमेरिका ने भारत पर लगाया कुल 50 % टैरिफ

### रूसी तेल खरीदने से चिढ़कर थोपा 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स

वाशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत पर टैरिफ बम फोडने की घोषणा की है. बुधवार शाम को ट्रंप की तरफ से भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का कार्यकारी आदेश साइन किया गया है. अमेरिका की तरफ से कहा गया कि यह फैसला भारत द्वारा रूसी तेल की लगातार खरीद के जवाब में लिया गया है. इसके साथ ही भारत पर अमेरिका ने कुल 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा कर दी है. यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था।

ट्रम्प ने रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया है। उन्होंने एक दिन पहले कहा था भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध जारी रखने में रूस की मदद कर रहा है। इस वजह से अमेरिका भारत पर एक्शन लेगा। ट्रम्प ने बुधवार के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है कि भारत सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25 प्रतिशत का एक्सट्रा टैरिफ लागू होगा। यह शुल्क 21 दिन बाद से लागू होगी। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है। इससे पहले मार्च 2022 में अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमेरिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है।



#### 'धमकी' का पीएम मोदी खुलकर जवाब क्यों नहीं दे रहे-राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को धमका रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ट्रम्प के खिलाफ सख्त रुख नहीं अपना पा रहे क्योंकि अडानी के खिलाफ अमेरिका में जांच चल रही है और मोदी-अडानी-अंबानी (एए) के संबंध अब जगजाहिर हैं।

#### कुछ भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा

अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी वे छूट अब भी जारी रहेंगी। इन सामानों में सेमीकंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं। इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एकस्ट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा। इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं।

#### मेडिसिन पर 250 प्रतिशत टैरिफ धमकी

ट्रम्प ने मंगलवार को ही भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150 प्रतिशत और फिर 250 प्रतिशत कर देंगे। ट्रम्प ने कहा था कि हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है। 2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा रहा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40 प्रतिशत भारत से आती हैं।

## खास खबर

### मानहानि केस में राहुल गांधी को मिली जमानत झारखंड की चाईबासा कोर्ट ने दी बेल

रांची। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को मानहानि केस में बुधवार को जमानत मिल गई है। झारखंड के चाईबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दी है। यह मामला बीजेपी नेता प्रताप कटिहार द्वारा दायर मानहानि केस से जुड़ा है। यह पूरा विवाद राहुल गांधी के 28 मार्च 2018 को कांग्रेस अधिवेशन में दिए गए एक बयान से शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने बीजेपी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर विवादित टिप्पणी की थी। इसे लेकर 9 जुलाई 2018 को प्रताप कटिहार ने चाईबासा सीजेएम कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में कई बार समन भेजे गए, लेकिन राहुल गांधी कोर्ट में पेश नहीं हुए। आखिरकार, 26 जून को अदालत ने उनकी उपस्थिति को लेकर गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। यह केस पहले चाईबासा सीजेएम कोर्ट से रांची एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट स्थानांतरित हुआ था, लेकिन बाद में जब चाईबासा में एमपी-एमएलए विशेष अदालत की स्थापना हुई, तो केस को दोबारा चाईबासा शिफ्ट कर दिया गया।

### मोहाली में फैक्ट्री में सिलेंडर ब्लास्ट, 2 की मौत और 4 लोग घायल

मोहाली। पंजाब में मोहाली के इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में सिलेंडर ब्लास्ट हुआ है, इसमें 2 लोगों की मौत हुई है। जबकि, 4 लोग घायल हुए हैं। ब्लास्ट के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की दीवारें हिल गईं और फैक्ट्री की छत को भी काफी नुकसान पहुंचा। सिलेंडर के टुकड़े भी 1 किलोमीटर दूर तक बिखरे मिले। फिलहाल, ब्लास्ट के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस व प्रशासन की टीमें कारण का पता लगाने में जुटी है। मृतकों की पहचान आसिफ खान और देवेंद्र कुमार के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 25 साल थी और कंबाला के रहने वाले थे। सीएम भगवंत मान ने घटना पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि घटना से जुड़ा हर अपडेट अधिकारियों से ले रहे हैं। जिस जगह पर धमाका हुआ है, वहां ऑक्सीजन प्लांट है। वहां से ट्राइसिटी सहित पूरे पंजाब के अस्पतालों में सिलेंडरों की सप्लाई होता है। पता चला है कि यहां सिलेंडर लोड किए जा रहे थे। तभी अचानक सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इस दौरान करीब 6 लोग चपेट में आए। सूचना मिलते ही मोहाली के एसएसपी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। हादसे के बाद सारे सिलेंडर हटाए गए। यह धमाका इतना खतरनाक था कि मारे गए लोगों के चिथड़े तक उड़ गए।

### कुछ ना कहना




## बिजली बिल बढ़ाने को सुप्रीम कोर्ट का ग्रीन सिग्नल दिल्ली समेत देश भर में बढ़ सकते हैं रेट!

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में बिजली की दरें बढ़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली में बिजली की दरें बढ़ाने की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी उचित होनी चाहिए। अदालत ने बिजली में कीमतें बढ़ाने की अनुमति देते हुए कुछ शर्तें रखी हैं। कोर्ट ने कहा है कि बढ़ोतरी किफायती होनी चाहिए और दिल्ली बिजली नियामक आयोग की ओर से तय की गई सीमाओं से अधिक नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली में बिजली की दरें बढ़ाई जा सकती है लेकिन ये वाजिब और किफायती रहनी चाहिए। अदालत ने कहा कि दिल्ली बिजली नियामक आयोग को रोडमैप तैयार करनी चाहिए कि राजधानी में बिजली की दरें कैसे और कब, कितनी बढनी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ी बिजली की दरें सभी प्रकार के उपभोक्ताओं पर लागू होंगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले असर दिल्ली समेत देश के दूसरे राज्यों पर भी पड़ सकता है।

#### सभी लंबित मामले समाप्त करने के निर्देश

दरअसल ये मामला बिजली वितरण कंपनियों के अटके भुगतानों को लेकर वर्षों से चल रहे मुकदमेबाजी का था। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सभी लंबित नियामक परिसंपत्तियों को चार साल के भीतर समाप्त करने के निर्देश दिए। इसका मतलब है कि उन राज्यों में जहां नियामक परिसंपत्तियां दशकों से लंबित हैं। वहां अगले चार वर्षों में बिजली की दरें - व्यक्तिगत, आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक सभी के लिए बढ़ जाएंगी। यहां नियामक परिसंपत्तियों का अर्थ बिजली वितरण करने वाली कंपनियों को किए जाने वाले बकाये के भुगतान से है। ये बकाया राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में की गई बिजली की सप्लाई का है। यह मुकदमा शुरू में दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों बीएसईएस यमुना पावर, बीएसईएस राजधानी और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था। हालांकि सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसका दायरा बढ़ा दिया और उन सभी राज्यों को नोटिस जारी किए जहां बिजली वितरण कंपनियों के बकाये जमा हो गए थे। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने अपने फैसले में राज्य विद्युत नियामक आयोगों और एपीटीईएल को उनके रेगुलटेरी काम में विफल रहने के लिए फटकार भी लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, लंबे समय से लटके हुए बकायों में अनुपातहीन बढ़ोतरी आखिरकार उपभोक्ता पर बोझ डालती है। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसे बकायों को जमा होने से रोकने के लिए के लिए वर्षों से नीतियां और नियम बनाए गए हैं।

## 13वें दिन भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का बिहार एसआईआर मुद्दे पर हंगामा

### खडग़े बोले-संसद में चर्चा चाहता है विपक्ष, सरकार इच्छुक नहीं, विपक्ष के हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के 13वें दिन संसद के दोनों सदनों में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि विपक्ष संसद में चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार इच्छुक नहीं है। वहीं विपक्ष के हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने साफ-साफ शब्दों में कहा दिया कि लोकसभा में उसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती। हंगामें के कारणराज्यसभा और लोकसभा को 7 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

बुधवार को भी बिहार में एसआईआर के खिलाफ विपक्ष ने संसद में जमकर हंगामा किया, जिसके चलते दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा और कुछ विधेयक पारित होने के अतिरिक्त खास काम नहीं हो सका है और विपक्ष एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग पर अड़ा है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के जरिए बड़ी संख्या में लोगों का मताधिकार छीना जा रहा है। एसआईआर के खिलाफ विपक्ष संसद में चर्चा की मांग कर रहा है।


PTI

इसे लेकर संसद में कई दिनों से हंगामा जारी है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लोकसभा में चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है और नियम ऐसे मुद्दों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते जो अदालत में लंबित हैं।

#### सरकार की चुप्पी पर खडग़े का सवाल

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि विपक्षी पार्टियां बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण की विशेष गहन समीक्षा पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। खडग़े ने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से इनकार करती है, तो इसे ऐसा माना जाएगा कि वह लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। उन्होंने कहा कि एसआईआर पर चर्चा बेहद जरूरी है ताकि हर भारतीय नागरिक के मतदान के अधिकारों की रक्षा की जा सके। विशेष गहन पुनरीक्षण एक प्रक्रिया है जिसमें चुनाव आयोग मतदाता सूची को दोबारा जांचेगा, ताकि उसमें किसी भी तरह की गलती, दोहराव या अपात्र नामों को हटाया जा सके और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ा जा सके। विपक्षी दलों का कहना है कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और इससे कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा सकते हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। इसी वजह से वे इस पर संसद में खुली बहस चाहते हैं। खडग़े ने यह भी कहा कि, अगर सरकार वाकई में लोकतांत्रिक मूल्यों को मानती है, तो उसे एसआईआर पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए।

## पीएम मोदी ने कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और कॉमन सेंट्रल सेक्रेटरिएट (सीएसएस) की 10 में से पहली बिल्डिंग है। कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन सबसे पहले किया गया है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें ग्राउंड फ्लोर सहित 7 फ्लोर हैं। यहां गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) और इंटेलिजेंस ब्यूरो के ऑफिस होंगे।






# निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गए 29 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा जिले की शालाओ में शिक्षको की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए अन्य विभागो के अधिकारियों को शालाओ का आवंटन कर उनका निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए है। अधिकारियों द्वारा किये गए निरीक्षण के दौरान 29 शिक्षक अनुपस्थित पाये गए है। इन शिक्षको को जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनका अनुपस्थित अवधि का वेतन काटने की कार्यवाही की जाए। इन शिक्षको को 03 दिनो के भीतर अपना स्पष्टिकरण शाला के प्रधान पाठक या प्राचार्य के माध्यम से प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नही मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही कर इन शिक्षको का अनुपस्थित अवधि का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि विभिन्न विभागो के अधिकारियों द्वारा 21 से 31 जुलाई 2025 तक 1549 शालाओ का निरीक्षण किया गया है और निरीक्षण के उपरांत गुगल सीट में विद्यालय में शिक्षको एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, शौचालय, पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी, जियो टैग फोटोग्राफ के माध्यम से भरी जा रही है। गुगल सीट में दी गई जानकारी के अनुसार अनुपस्थित पाये गए 29 शिक्षको को एक दिन का वेतन काटने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत माध्यमिक शाला कटंगा के प्राथमिक शिक्षक श्री रामसिंह उइके, किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत ईजीएस शाला मोहगांव कला के प्राथमिक शिक्षक जीवनलाल ठाकरे, प्राथमिक शाला बटरमारा के शिक्षक शिवराम मेश्राम, प्राथमिक शाला तेंदुटोला के शिक्षक उस्मान बेग मिर्जा, प्राथमिक शाला कोठियाटोला कसंगी के शिक्षक योगराज फासे, राधेश्याम सोनकुसरे, प्राथमिक शाला गुलवा की शिक्षक श्रीमती सरस्वती ग्वालवंशी, प्राथमिक शाला कसंगी के शिक्षक अकल सिंह सरोते, प्राथमिक शाला कन्हारटोला की शिक्षक श्रीमती आनंदा रंगारे, प्राथमिक शाला लालाटोला भालवा के शिक्षक उत्तम उके एवं विकासखंड बालाघाट के अंतर्गत एकीकृत शाला घुसीटोला के शिक्षक लखनलाल भलावी, श्रीमती दिप्ती कोल्हे, प्राथमिक शाला तिवड़ीकला के शिक्षक बसंतराव वासनिक अनुपस्थित पाये गए है। इसी प्रकार लांजी विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक शाला संदूका के शिक्षक संतोष मरावी, प्राथमिक शाला सायर के शिक्षक अखिलेश घोरमारे, प्राथमिक शाला आवासटोली दहेगांव के शिक्षक मोरीराम मलगाम, प्राथमिक शाला गोंडीटोला पाथरगांव के शिक्षक निलेश्वर एड़े, प्राथमिक शाला कंसुली की शिक्षक श्रीमती नीतू तोमर, विकासखंड वारासिवनी के अंतर्गत प्राथमिक शाला नदीटोला बुदबुदा के शिक्षक प्रेमचंद राहंगडाले, माध्यमिक शाला बोटेझरी की शिक्षक श्रीमती पवित्रा उके, प्राथमिक शाला आमगांव के शिक्षक भेजनलाल कावरे, प्राथमिक शाला बिठली के शिक्षक शिवचरण बिसेन, विकासखंड खैरलांजी के अंतर्गत प्राथमिक शाला टेमनी के शिक्षक श्यामराव टेकाम, प्राथमिक शाला मरारीटोला के शिक्षक सुरेश बारेवार, माध्यमिक शाला पांजरा के शिक्षक भीमप्रकाश लांजेवार, माध्यमिक शाला साकडी की शिक्षक नियती संभरकर एवं विकासखंड कटंगी के अंतर्गत माध्यमिक शाला आगरी की शिक्षक अनिता दूबे, प्राथमिक शाला आदिवासी टोला बम्हनी के शिक्षक कोमलचंद गभने, प्राथमिक शाला सिंगोड़ी के शिक्षक नंदकिशोर ठाकरे निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गए है। इन सभी शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनका एक दिन का वेतन काट दिया जाए। इन शिक्षको को 03 दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

## साईकिले पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों को वितरित की गई नि:शुल्क साईकिले

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में दिनांक 6 अगस्त 2025 को नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवमी में दर्ज 95 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया गया, जिनमें 88 छात्र एवं 7 छात्राओ ।(कुल 95 छात्र-छात्राएं) को साईकिल का वितरण किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण



सिंह, जनपद सदस्य मनीष भीमटे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गणेश सोनी उपस्थित रहे। इसके अलावा संस्था की प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन, विकासखंड स्रोत समन्वयक सी एल टेकाम, के डी आर पटटावी, सत्येंद्र तिवारी, धीरेंद्र श्रीवास, विनोद बोरकर, तेजलाल मस्करे, सियाराम पांचे, घनश्याम रामटेके, वर्षा चौरागढे, कु. सोफिया खान, भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस योजना के माध्यम से विद्यालय प्रशासन ने छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को कम करने का प्रयास किया। नि:शुल्क साइकिल वितरण से छात्रों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी उपस्थिति में भी सुधार होगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों को साइकिल प्राप्त करने पर बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और सभी छात्रों ने प्रसन्नता के साथ अपनी साइकिल प्राप्त की। इस प्रकार की योजनाओं से निश्चित रूप से छात्रों के शैक्षिक विकास में मदद मिलेगी और उनकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

## शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में विविध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय को केंद्र में रखते हुए एक दिवसीय (कृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस) विविध प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय सांस्कृतिक, दार्शनिक एवं शैक्षणिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ना रहा ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. पल्लवी रिनाहिते उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदया ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा न केवल प्राचीनतम है, बल्कि आज भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों की दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक गहराई पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इसके संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया। जिसमे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों ने कृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, भारतीय शास्त्र, दर्शन, ज्योतिष, गणित, आयुर्वेद, योग, खगोलशास्त्र, साहित्य एवं ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी गहन जानकारी और अध्ययन क्षमता का परिचय दिया। प्रश्नोत्तरी का संचालन आकर्षक और रोचक शैली में किया गया जिससे परिवेश ज्ञानमय और रोमांचक बना रहा ।उसी तरह थाल सज्जा राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा थाल सज्जा एवं राखी बनाकर तैयार की गई जो विद्यार्थियों के उच्च कलात्मक कौशल को प्रदर्शित करती है जिसमें विद्यार्थियों द्वारा सुन्दर थाल सज्जा, राखी बनाकर प्रस्तुत की है जो उनके ज्ञानात्मक स्तर के साथ साथ कलात्मक कौशल को निखारने का प्रयास करता है। एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का सबसे रोचक और मनोरंजक भाग रहा मटकी फोड़ प्रतियोगिता। इस पारंपरिक खेल को विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ खेला। तालियों की गूंज के बीच प्रतिभागियों की टीम भावना, शारीरिक कौशल और तालमेल देखने योग्य रहा। प्रतियोगिता ने परिवेश को उत्सवपूर्ण बना दिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता को मध्यकालीन साहित्य से जोड़कर उसकी लोकजीवन में महत्ता से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सुश्री मान्यता तिवारी द्वारा एवं अआभार डॉ. पल्लवी रिनाहिते द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया एवं महविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे यह आयोजन महाविद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में चिह्नित हुआ, जिसने छात्रों को न केवल अपनी परंपरा से जोड़ने का कार्य किया, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास का मार्ग भी प्रशस्त किया।




## प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र से कथित कालाबाजारी के लग रहे आरोप

### डीएपी यूरिया के लिए चक्कर काट रहे किसान





कटंगी(पद्मेश न्यूज)। विधानसभा क्षेत्र कटंगी में डीएपी खाद के साथ अब यूरिया को लेकर भी किसानों में मारामारी देखने को मिल रही है. किसानों को काफी समय से डीएपी के साथ यूरिया खाद भी उपलब्ध नहीं हो पा रही. ऐसे में किसानों को किसान समृद्धि केंद्र के बाहर लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है जहां घंटों के इंतजार के बाद यूरिया खाद मिल रही है. कटंगी के खजरी-चिकमारा में स्थित प्रधानमंत्री समृद्धि केंद्र में बुधवार को सुबह से ही किसानों की लंबी लाइन लगी रही. डीएपी व यूरिया के लिए अलग-अलग दो लाइन लगी थी. यहां मौजूद कुछ किसानों ने बताया कि 4 से 5 दिन से लगातार आने के बावजूद खाद नहीं मिल रही है. ग्रामीण अंचलों में संचालित होने वाली सहकारी समितियों में खाद की कमी के चलते किसान 20 और 30 किमी. की दूरी का सफर तय कर कटंगी आ रहे है लेकिन यहां भी घंटों तक लाइन में खड़े होने के बाद भी खाद नहीं मिलने पर मायूस होकर वापस लौट रहे है. जबकि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र से कथित तौर पर यूरिया और डीएपी के कालाबाजारी की चर्चा खूब चल रही है. राजनीतिक प्रभाव रखने वाले लोगों को बड़ी मात्रा में खाद दी जा रही है. इन प्रभावशाली लोगों के कर्मचारी केंद्र में पहुंचकर पहले ही डीएपी और यूरिया को अपने कब्जे में ले लेते है. केंद्र में किसान का चेहरा देखकर खाद देने की बात सामने आई है. सीताखोह निवासी कृषक बृजलाल पटले ने बताया कि 04 दिन से चक्कर काट रहे है उन्हें खाद नहीं मिली जबकि उनके बाद जो किसान आए उन्हें खाद दे दी गई. खाद देने वाले कर्मचारी ने पहले कागजात की कमी बताया और जब कागजात पूरे लेकर गए तो फिर समय समाप्त होने की बात कहकर कागजात नहीं लिए. करीब 23 किमी. दूर हरदोली से खाद लेने आए कृषक परमानंद देशमुख ने बताया कि 05 दिन से चक्कर काट रहे है. कर्मचारी लगातार गुमराह कर रहे है उनका नंबर ही नहीं आ रहा है। दरअसल, ग्रामीण अंचलों की समितियों में डिफाल्टर किसानों और अन्य किसानों को भी खाद नहीं मिल रही है. जिस कारण बड़ी संख्या में किसान प्रधानमंत्री समृद्धि केंद्र या फिर प्राइवेट दुकानों पर निर्भर हो गए है. समृद्धि केंद्र में खाद नहीं मिल रही है और बाजार में किसानों को मनमाने दाम में खाद बेची जा रही है. यह कोई पहला मौका नहीं हैं जब कटंगी में खाद की किल्लत हो रही है.खरीफ का सीजन या फिर रबी का हर सीजन और हर बार, हर साल किसान खाद के लिए मारामारी करता है, लंबी लाइन में लगाता है. कतार में धक्का-मुक्की करता है और कई बार एक-दूसरे से ही लड़ बैठता है. जब किसान समृद्धि केंद्र में उचित मूल्य में खाद नहीं मिल पाती तो मजबूरन किसान दोगुने दामों में बाजार से खाद खरीदता है. इधर खाद व्यापारी भी कालाबाजारी करने से नहीं चूकते. इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि देश के लिए अन्न उगाने वाले अन्नदाता को समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिल पाती।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ और कमजोर नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म

### मलाजखंड पुलिस ने अपराध दर्ज होने के तुरंत बाद आरोपी को किया गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया बैहर जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मलाजखंड पुलिस ने अपराध दर्ज होने के तुरंत बाद ही एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिये। गिरफ्तार आरोपी संतोष पिता तेनसिंह परते 33 वर्ष बिसतवाही निवासी है। जिसके विरुद्ध मानसिक रूप से कमजोर और स्वस्थ एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इस आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस 15 वर्षीय नाबालिक लड़की के माता-पिता मजदूरी करते हैं। पिछले वर्ष इस लड़की की तबीयत खराब होने से उसकी मानसिक स्थिति कमजोर हो गई थी। ठीक से बोलती बताती नहीं थी। जिसके बाद यह लड़की मजदूरी करने नहीं जाती थी और घर में अकेली रहती थी। इस लड़की के घर संतोष परते ग्राम बिसतवाही निवासी का आना-जाना लगा रहता था। कभी-कभी संतोष परते अकेले ही घर में आते रहता था ।कुछ महीने पहले से इस लड़की का पेट उभरा हुआ दिख लगा था। तो परिवार वालों ने सोचे कि इस लड़की की तबीयत खराब है ।इसी कारण उसका पेट उभर रहा होगा। यह सोचकर चुप रहे। लेकिन इस लड़की का पेट बड़ा होते दिखाने पर परिवार वालों को शंका हुई और उन्होंने गांव पड़ोस की महिलाओं को दिखाएं तो उन्होंने बताया कि लड़की गर्भवती है। लड़की से पूछने पर उसने कुछ नहीं बताई। लेकिन हाल ही में इस लड़की ने पूछने पर संतोष परते का नाम बताई। परिवार के लोग इस लड़की को लेकर संतोष परते के घर गए ।लेकिन संतोष परते ने इंकार कर दिया और जान से मार डालने की धमकी देने लगा। इसके बाद परिवार के लोग इस लड़की को लेकर रिपोर्ट करने मलाजखंड थाना पहुंचे ।मलाजखंड पुलिस ने इस लड़की की मां के द्वारा की गई रिपोर्ट पर संतोष परते ग्राम बिसतवाही निवासी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध किये। मलाजखंड पुलिस ने अपराध दर्ज होने के तुरंत बाद ही ग्राम बिसतवाही पहुंचकर संतोष परते को गिरफ्तार कर उसे बैहर की विशेष अदालत में पेश कर दिये । जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है।


## नाम सुधार सूचना

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि मेरी अंकसुची में मेरा नाम **MANISH KUMAR** दर्ज है, जिसे **MANISH FAGULAL NAGFASE** पढ़ा जाये।

अत: मुझे **MANISH FAGULAL NAGFASE** के नाम से ही जाना पहचाना व संबोधित किया जावें।

**शपथकर्ता**

**MANISH FAGULAL NAGFASE**

## नाम परिवर्तन सूचना

शपथकर्ता अनिल भलावी पिता धेडूलाल भलावी जाति गोंड निवासी ग्राम भमोड़ी तह. व जिला बालाघाट(म.प्र.)।

मै शपथकर्ता निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मै उपरोक्त वर्णित स्थान का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड, बैंक पास बुक मे मेरा नाम अनिल भलावी दर्ज है जो सही है एवं मेरे ड्रायविंग लायसेंस में अनिल कुमार मेरावी दर्ज है जो कि गलत है।
3. यह कि उक्त दोनो नाम अनिल भलावी एवं अनिल कुमार मेरावी मेरे एक ही व्यक्ति् के नाम है पृथक-पृथक व्यक्ति के नाम नहीं है।
4. यह कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है यदि भविष्य में मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पायी जाती है तो उसकी जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

**सत्यापनकर्ता**

**अनिल भलावी**

**In The Court Of Manish Kumar Singh, I Civil Judge Senior Division, District Court, Balaghat(M.P.)**

Presiding Officer: मनीष कुमार सिंह

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000192/2024)

Process Id-/2025

पेशी दिनांक - 03/09/2025

भवानी किरनापुरे .......वादी

Vs

श्रीमती वर्षिला बोरकर......प्रतिवादी

**प्रेषिती-**

(1) **श्रीमती वर्षिला बोरकर पति आशिष बोरकर** पता- निवासी ग्राम पीपलगांव खुर्द तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म प्र

यह कि प्रार्थी **भवानी किरनापुरे** ने आपके विरूद्ध धारा 34 स्पेशिफिक रिलिफ एक्ट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 01 **August** 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**(मनीष कुमार सिंह)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड**
**बालाघाट (म.प्र.)**

## स्थान परिवर्तन

मेसर्स पंकज एफ अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्यालय जो वर्तमान में वार्ड नं 20 अन्नपूर्णा मंदिर के पास बालाघाट में स्थित है। अब अपने नवनिर्मित कार्यालय, आर्थिक आर्केड, दूसरी मंजिल, यूको बैंक के ऊपर, रेलवे स्टेशन रोड, बालाघाट में संचालित होगा

संपर्क नं- 9425138797

## बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता

**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# रेलवे अधिकारियों ने किया बालाघाट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

## निरीक्षण में मिली जगह जगह खामियां,तो जताई नाराजगी, पत्रकारों से बनाई दूरी कहा, प्रेस को नहीं बताएंगे खामियां, तत्काल सुधार कार्य के दिए निर्देश, कहा- गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करे काम

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। अमृत भारत स्टेशन के तहत बालाघाट रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यो के निरीक्षण पर पहुंचे, रेलवे अधिकारियों को स्टेशन निरीक्षण के दौरान जगह-जगह खामियां नजर आई है।जिसपर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए रेलवे अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार के इंजीनियर और कर्मचारियों को कार्य गुणवत्ता के साथ किए जाने के निर्देश दिए है।तो वही उन्होंने तत्काल सुधार कार्य कर, जल्द से जल्द कार्य को पूरा किए जाने के लिए आदेशित भी किया है। जहां उन्होंने 7.05 करोड रुपए की लागत से बनने वाले इस रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान जगह-जगह खामियां मिलने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार के कर्मचारियों को फटकार भी लगाई है।आपको बताए कि बालाघाट रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यो में, जगह-जगह खामियों की शिकायत रेलवे अधिकारियों को मिली थी। जिनकी शिकायत पर नागपुर और बिलासपुर से सीनियर अधिकारी ,अपनी टीम को लेकर बुधवार को बालाघाट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। जहां उन्होंने बालाघाट रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य, पार्किंग एरिया, वेटिंग रूम प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य टेक्निकल कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्हें जगह-जगह खामियां नजर आई। हालांकि इन खामियों को लेकर उन्होंने प्रेस के सामने कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया। तो वही इस पूरे निरीक्षण के दौरान उन्होंने मीडिया कर्मियों से दूरी बनाए रखी।





### इन अधिकारियों ने निरीक्षण कर गिनाई खामिया

बालाघाट स्टेशन में विभिन्न समस्याओं के सामने आने के बाद, बिलासपुर जोन के सीनियर अधिकारी टी. रामालिंगम, नागपुर के गतिशक्ति विभाग के सीपीएम अशोक सूर्यवंशी, एडीआरएम एस.पी. चंद्रिकापुरे और विभागीय अधिकारियों की टीम ने बुधवार को बालाघाट स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान, इस टीम ने प्लेटफार्म शेड, वेटिंग रूम और चल रहे कार्यो का जायजा लिया। परख वाहन से आए एक दर्जन से ज्यादा अधिकारियों कर्मचारियों ने इस निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से दूरियां बनाए रखी और, मीडिया से ऑन कैमरा चर्चा करने से इंकार करते हुए जिस परख स्पेशल डब्बे से आए थे।उसी से रवाना हो गए।

### निरीक्षण में जगह-जगह दिखाई दी कमियां

नागपुर और बिलासपुर से अपनी पूरी टीम के साथ बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे अधिकारियों और उनकी टीम ने रेलवे स्टेशन में चल रहे जगह-जगह निर्माण कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन के तहत, स्टेशन के सामने का स्ट्रक्चर, दुपहिया और चौपहिया वाहन की पार्किंग, स्टेशन आवागमन का रास्ता और प्रथम और सेकंड क्लास टिकिट काउंटर का रिनोवेशन, दिव्यांगो के लिए सुविधा, ड्रेनेज, इंट्रेस पोर्च, स्ट्रीट लाईट, प्लेटफार्म शेल्टर और स्टेशन के प्रवेश और निकासी द्धार का निर्माण कार्य, का निरीक्षण किया। बताया गया कि यहां कार्य अब अंतिम दौर में है लेकिन इन निर्माण कार्यो में की गई लापरवाही बरसात में सामने आ चुकी है, प्लेटफार्म शेड से पानी टपकने के कारण, स्टेशन में यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी है, वहीं वेटिंग रूम से लेकर शौचालय तक हर कदम पर यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। इसके अलावा अन्य जगह किए गए निरीक्षण पर भी उन्हें जगह-जगह खामियां नजर आई जिसमें सुधार कार्य के निर्देश अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं।

### 7.05 करोड़ की लागत से स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

आपको बताए कि बालाघाट रेलवे स्टेशन का कायाकल्प 7.05 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है।जहां शिवजी एंड कंपनी,को अमृत भारत स्टेशन के तहत, कायाकल्प का काम दिया गया है। लेकिन आए दिनों उनके इस निर्माण कार्य में जगह-जगह खामियां नजर आ रही है। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है। बावजूद इसके भी अब तक निर्माण कार्यो में सुधार कार्य नहीं किया गया है। समय-समय पर निरीक्षण के बावजूद भी कार्य में सुधार न होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए रेलवे अधिकारियों ने दोबारा इस तरह की गलती ना होने की समझाईश देते हुए, जल्द से जल्द कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### जुलाई 2025 में होना था पूर्ण कार्य

आपको बताए कि अमृत भारत योजना से बालाघाट स्टेशन के कायाकल्प का काम जुलाई 2025 में पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन विभाग ने, ठेकेदार को एक्सटेंशन देकर, इसे सितंबर 2025 तक कर दिया है। जिसके बाद संभवतः अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, इसका वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। जिस दृष्टि से भी रेलवे के अधिकारियों का यह दौरा महत्वपूर्ण बताया जा रहा है, लेकिन, बालाघाट स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे रेलवे का कोई भी अधिकारी ऑन कैमरा, मीडिया से चर्चा करने से बचता रहा।

### वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएगी जानकारी- दिलीप सिंह

बालाघाट रेलवे स्टेशन के किए गए इस औचक निरीक्षक और जगह-जगह मिली खामियों को लेकर पत्रकारों ने जब निरीक्षण पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों से चर्चा करनी चाही,तो उन्होंने मीडिया कर्मियों से दूरी बना ली और किसी भी तरह का आधिकारिक बयान देने से मना कर दिया। हालांकि इस निरीक्षण को लेकर की गई औपचारिक चर्चा के दौरान डीसीएम दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि, निरीक्षण में जो भी खामियां मिली है, उसकी जानकारी हम, वरिष्ठ अधिकारियो को देंगे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर ही आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में प्रशांत की गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 21 वर्षीय की लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म और शादी न उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में महिला थाने की पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक प्रशांत पिता शिवरतन शिवनकर 26 वर्ष ग्राम रजेगांव थाना किरनापुर निवासी है। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष इस 21 वर्षीय लड़की और प्रशांत की बीच इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों बालाघाट के मोती गार्डन में मिले और फिर दोनों के बीच मोबाइल व्हाट्सएप से बातचीत होने लगी। प्रशांत बालाघाट में आकर इस लड़की को अपने साथ घूम के रहता था। और यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। और दोनों एक दूसरे को चाहने लगे थे और परेशान में इस लड़की को शादी करने का ऑफर दिया था और यह लड़की भी प्रशांत की बातों में आ गई और प्रशांत लड़की को गोंदिया बालाघाट सहित अन्य जगह घूमने लिया था और वहां इस लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा था। जब इस लड़की ने प्रशांत से शादी करने के लिए बोली तब वह शादी करने से इंकार हो गया और और प्रशांत इस लड़की को अश्लील गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने लगा था। यहां तक की सोशल मीडिया में भी प्रशांत इस लड़की को परेशान करने लगा था।जिसकी रिपोर्ट 30 जुलाई को इस लड़की ने महिला पुलिस थाना बालाघाट में की थी। जहां पर प्रशांत पंचतिलक के विरुद्ध धारा 69 296 351(3)भारतीय न्याय संहिता,आईटी एक्ट और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। अपराध दर्ज होने की सूचना मिलती ही। प्रशांत अपने घर से फरार हो गया था। 5 अगस्त को महिला पुलिस थाने में सूचना मिली। कि प्रशांत इन दोनों अपने घर में है।। तब महिला थाने की पुलिस ने प्रशांत को उसके घर ग्राम रजेगांव में गिरफ्तार किये। 6 अगस्त को महिला थाने की पुलिस ने गिरफ्तार प्रशांत को बालाघाट की विशेष अदालत में पेश कर दिए। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।



# एसएससी भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितता के खिलाफ एनईवाययु पदाधिकारीयों ने सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के छात्रों द्वारा प्रदेश संगठन के आवाहन पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया गया है। जिसमें छात्रों ने बताया कि बीते दिनों उन्होंने दिल्ली में एसएससी की परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर आंदोलन किया था । जहां उन्हें पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करते हुए कार्रवाई की गई थी उन्होंने दिल्ली में हुई इस घटना को लेकर प्रदेश के हर जिलों में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। आपको बता दे की एसएससी भर्ती में सुधार लाने तथा ऑनलाइन परीक्षा आयोजित किए जाने वाली कंपनियां हटाने के लिए नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के पदाधिकारीयों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया है। जिसमें 5 अगस्त को नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के पदाधिकारी रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसएससी भर्ती में सुधार लाने को लेकर नारे लगाए , साथ ही यूनियन के पदाधिकारी एनईवाययु प्रतिनिधि मनीष राहंगडाले ने बताया कि एसएससी चयन पोस्ट फेज-13 परीक्षा को, कई परीक्षा केन्द्रो में पूर्व सूचना के रद्ध कर दिया गया। जिससे कारण अभ्यार्थियों को लंबी दूरी तय करके और आर्थिक भार उठाने के बावजूद, परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं मिला। परीक्षा में सिस्टम के क्रेश होने, सर्वर समस्या, गलत प्रश्नपत्र और नॉन-फंक्शनल उपकरण के कारण परीक्षा प्रक्रिया बाधित हुई।



इस परीक्षा में अभ्यार्थियों को जो परीक्षा केन्द्र आबंटित किया गया वह उनके गृह क्षेत्र से सैकड़ो किलोमीटर दूर, आबंटित किया गया। जिससे परीक्षार्थी पर आवागमन के मानसिक तनाव के साथ ही वित्तिय भार पड़ा। एसएससी भर्ती में बहुत गड़बड़ियां हुई है। तकनीकी खामियां भी अभ्यर्थियों को झेलना पड़ा है। वह चाहते हैं कि ऑनलाइन एग्जाम करने वाली कंपनियां जिन्हें ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है उन्हें तत्काल हटाते हुए ऑनलाइन परीक्षा करने का कार्य नहीं दिया जाना चाहिए। बीते दिनों दिल्ली में हुए प्रदर्शन में यूनियन के पदाधिकारीयों पर पुलिस ने लाठी चार्ज करते हुए कार्यवाही किया था। उसका भी वह विरोध करते हैं । उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा था । जिस पर गलत तरीके से लाठीचार्ज किया गया है । साथ ही उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मध्यप्रदेश में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थी आकर यहां की भर्तियों में शामिल होते हैं, उस पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए, क्योंकि अन्य राज्यों में उन्हीं राज्यों के अभ्यर्थियों को लिया जाता है। यह नियम मध्यप्रदेश में भी लागू किया जाना चाहिए। इन्हीं सब मांगों को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया है । कार्रवाई नहीं होने पर देशव्यापी आंदोलन किए जाने की बाद भी उन्होंने कही है। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मनीष राहंगडाले ,वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र अमूले , नितेश साहू , अर्पित बलभद्र , नितेश पटले, लीलेंद्र बिसेन , सत्या लोधी ,राहुल पटले, सरोज पटले , सतीश लिल्हारे, अंचल रीनायत, वैभव हनवत,परमेश सिलहरे , संजय धुर्वे , दीपक टेंभरे ,सरोज बिसेन सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अधीक्षण अभियंता अमित कुमार ने भरवेली सब स्टेशन का किया औचक निरीक्षण



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार द्वारा भरवेली सबस्टेशन का औचक निरीक्षण करते हुए यहां के अधिकारी कर्मचारियों के साथ एक बैठक की। जिसमें उन्होंने स्मार्ट मीटर सहित विद्युत चोरी रोकने को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया और बताया कि कृषि फीडर में सतत 10 घंटे विद्युत और घरेलू फीडर में सतत 24 घंटे विद्युत सप्लाई दी जानी है। साथ ही यहां विद्युत संबंधित कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण पहनकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। आपको बता दे की 6 अगस्त को विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार द्वारा भरवेली सब स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया । यहां उन्होंने सब स्टेशन की विद्युत व्यवस्था देखी उसके बाद उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ एक बैठक की और बैठक के दौरान उन्होंने शासन से चलने वाली योजनाओं की जानकारी आमजन को दिए जाने की बात कही। विद्युत चोरी रोकने और स्मार्ट मीटर लगाए जाने की व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने बैठक में यह भी बताया कि कृषि फीडर क्षेत्र में 10 घंटे विद्युत सप्लाई दी जाएगी तो वहीं घरेलू फीडर क्षेत्र में 24 घंटा विद्युत सप्लाई दिए जाने की बात बैठक में कही है । विद्युत विभाग में कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण के सतत उपयोग किए जाने निर्देशित किया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज सतत स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं इससे उपभोक्ताओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । पहले रीडिंग को लेकर कुछ समस्याएं उपभोक्ताओं को आती थी । अब स्मार्ट मीटर लग जाने से उनके पास पूरा डाटा उपभोक्ताओं का उपलब्ध हो जाएगा और उपभोक्ताओं को होने वाली समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाएगा । उन्होंने बताया कि कृषकों के लिए सोलर पंप लगाए जाने की भी योजना शुरू की जा रही है और कुछ क्षेत्रों में पीएम सूर्य घर योजना के नाम से सोलर पंप भी इंस्टॉलेशन का कार्य चल रहा है , इन्हीं सब तमाम योजनाओं सहित विभागीय अधिकारियों से आज चर्चा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई थी।

# जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता संपन्न

## संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का किया गया चयन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आगामी सितंबर माह में विभिन्न आयु वर्ग के हॉकी खिलाड़ियों के लिए जिला सिवनी में संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें बालाघाट जिले से भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिनके चयन के लिए बुधवार को जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर के एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में आयोजित इस जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में बालाघाट, लालबर्रा और खैरलांजी ब्लॉक के हॉकी खिलाड़ी शामिल हुए। जहां खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन कर अलग-अलग आयु वर्ग टीमों का गठन किया गया। जिन्हें आगामी माह 1 से 3 सितंबर तक जिला सिवनी में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए भेजा जाएगा। आयोजित प्रतियोगिता को लेकर की गई चर्चा के दौरान जिला क्रीड़ा प्रभारी श्री गोस्वामी ने बताया कि लोक शिक्षण संचनालय के निर्देश अनुसार जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें खिलाड़ियों का चयन सभी आयु वर्ग की टीमों के लिए किया गया है जिन्हें 1 से 3 सितंबर तक जिला सिवनी में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए भेजा जाएगा।



# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए, सांसद भारती पारधी ने की मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले में विकास को लेकर कृतसंकल्पित सांसद भारती पारधी ने, संसद के मानसुन सत्र के दौरान, बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद पारधी ने मंत्री गडकरी से प्रस्तावित 'लखनादौन- बालाघाट- लांजी-रायपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने का निवेदन किया। आपको बता दे कि 200 किलोमीटर लंबा यह मार्ग लगभग 5700 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाना है। जो सिवनी जिले के लखनादौन से बालाघाट, लांजी होते हुए सीधे रायपुर को जोड़ेगा। सांसद भारती पारधी ने बताया कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला यह मार्ग दोनों राज्यों के बीच सड़क परिवहन के लिए वरदान साबित होगा और इस मार्ग के बन जाने से जिले में पर्यटन, व्यापार और सामाजिक विकास के द्वार खुलेंगे। मंत्री नितिन गडकरी ने, मार्ग के जिले के विभिन्न जनजातीय भूभागों और वनक्षेत्रों से गुजरने के पूर्व किये जाने वाले राजमार्ग की स्थिति सहित सभी तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी गई। साथ ही समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर इसे जल्द ही प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। इस दौरान, सांसद भारती पारधी और राजनंदगांव सांसद संतोष पांडेय भी मौजूद रहे।

# स्कूल उन्नयन हुए 12 साल बाद भी शास. उमावि. बघोली को नही मिला नवीन भवन

## पर्याप्त कमरों की व्यवस्था नही होने से बरामदे और स्टाप रूम में बैठकर पढ़ाई करते है विद्यार्थी

### भवन और सुविधाओं के अभाव में होती है पढ़ाई प्रभावित, जल्द नवीन भवन का निर्माण करवाने की मांग






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। शिक्षा के क्षेत्र में शासन के द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित कर शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है और दूर दराज के गांव में माध्यमिक स्कूल होने के बाद दुर हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल होने पर बहुत से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई छुट जाती थी और वे आगे की पढ़ाई नही कर पाते थे। उनकी समस्या का समाधान करने के लिए लालबर्रा विकासखंड में हाई से हायर सेकेण्डरी स्कूल का पूर्व में उन्नयन किया गया है। लेकिन उन्नयन के बाद भी स्कूलों को नवीन भवन नही मिल पाया है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत बघोली स्थित शास. उमावि. का सामने आया है जहां 12 वर्ष पूर्व वर्ष 2013 में हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन हुआ है परन्तु अब तक हायर सेकेण्डरी स्कूल का भवन का निर्माण तक नही किया गया। जिसके कारण भवन की कमी एवं अन्य सुविधाओं के अभाव में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को अध्यायपन कार्य करवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं भवन के अभाव में बरामदे एवं स्टाप रूम में बैठकर विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे है जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। जबकि लंबे समय से स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं स्कूल प्रशासन के द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल के लिए नवीन भवन का निर्माण हेतु पुर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, वर्तमान सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे एवं जिला प्रशासन से गुहार लगा चुके है। लेकिन स्कूल उन्नयन हुए 12 वर्ष हो जाने के बाद भी अब तक नवीन भवन नही बना है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं समाचार लिखे जाने तक नवीन अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति के संबंध में कोई जानकारी नही थी परन्तु देरशाम प्रभारी मंत्री, म.प्र. स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री उदयप्रताप सिंह के द्वारा शास. उमावि. बघोली में अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति का पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है परन्तु उसकी अब तक अधिकारिक रूप से पुष्टि नही हो पाई है।

**वर्ष 2025-26 में 233 विद्यार्थी दर्ज**

बघोली स्थित हाई स्कूल का वर्ष 2013 में हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन हुआ है परन्तु हाई स्कूल भवन में ही हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित की जा रही है और नवीन भवन नही बनने के कारण कक्षा 9 से 12 वीं तक की कक्षाएं तीन कमरे, 1 बरामदे में संचालित की जा रही है। वहीं स्कूल में कमरे के अभाव के कारण छात्र-छात्राओं को बरामदे व स्टाप रूम में बैठकर पढ़ाई करना पड़ रहा है। जबकि वर्ष 2025-26 में स्कूल में कक्षा 9 से 12 वीं तक की कक्षा में कुल 233 छात्र-छात्राएं दर्ज है एवं 1 प्राचार्य, 17 शिक्षक-शिक्षिकाएं पदस्थ है। जिनके द्वारा अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है एवं विद्यार्थी शिक्षा भी प्राप्त कर रहे है परन्तु कमरे के अभाव में एक कमरे में दो कक्षाएं संचालित की जाती है। ऐसी स्थिति में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूल के छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बघोली हायर सेकेण्डरी स्कूल का नवीन भवन स्वीकृत करवाकर जल्द निर्माण करवाये जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

**कमरे के अभाव में पढ़ाई करने में होती है परेशानी - हसनी**



छात्रा हसनी खान ने बताया कि स्कूल भवन में पर्याप्त कमरे नहीं होने के कारण हमें शिक्षा अध्ययन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, कक्षाएं बरामदे में लगती है। ऐसी स्थिति में एक कक्षा की आवाज दुसरे कक्षा में जाती है जिससे ध्यान भटक जाता है और पढ़ाई प्रभावित होती है।

**पूर्व केबिनेट मंत्री ने की थी घोषणा, नही हुई पूरी - देवराम**



उपसरपंच देवराम साहु ने बताया कि हाई से हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन हुए 12 वर्ष हो गये है और विगत वर्ष पहले पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन जी के द्वारा 1 करोड़ रूपये भवन निर्माण के लिए स्वीकृत होने की घोषणा की गई थी। लेकिन अब तक भवन का निर्माण नहीं हो पाया है जिसके कारण कमरे के अभाव में विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्री साहू ने बताया कि कमरों के अभाव में बरामदे में कक्षाएं लगती है, जबकि स्कूल में पढ़ाई बहुत अच्छी होती है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि जल्द नवीन भवन का निर्माण करवाये।

**स्कूल उन्नयन हुए 12 वर्ष हो गये - शिवचरण**



शास. उमावि. बघोली प्राचार्य शिवचरण मरावी ने बताया कि वर्ष 2013 में हाई से हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन हुआ है, जिसे 12 वर्ष हो गये है और वर्तमान में 233 विद्यार्थी दर्ज है। लेकिन अब तक हायर सेकेण्डरी स्कूल का भवन नही बना है और पर्याप्त कमरे नही होने के कारण शिक्षा अध्यापन कार्य करवाने में परेशानी होती है एवं लंबे समय से नवीन भवन निर्माण करवाने की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन से कर रहे है लेकिन अब तक भवन स्वीकृत नही हुआ है। वहीं अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत होने का सोशल मीडिया में वायरल हो रहे पत्र के संबंध में जब स्कूल प्राचार्य श्री मरावी से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत होने का पत्र अधिकारिक रूप से हमें प्राप्त नही हुआ है,

# दो दिवसीय संगीतमय अखंड रामायण पाठ का हुआ समापन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार स्थित बजरंग मंदिर में 5 अगस्त से जारी दो दिवसीय संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ का 6 अगस्त को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया गया। इस दो दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ के अवसर पर दिन-रात में भक्ति संगीत, श्रीराम के भजनों और चौपाइयों का गायन किया गया जिससे पुरा ग्राम भक्तिमय हो गया। इस आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग और समर्पण देखने को मिला। साथ ही धार्मिक आयोजनों से जहां आस्था मजबूत होती है, वहीं सामूहिकता का भाव भी प्रबल होता है और उपस्थित श्रध्दालुओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प भी लिया कि ऐसे धार्मिक आयोजन निरंतर आयोजित किये जाएंगे ताकि गांव में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना सशक्त बनी रहे। चर्चा में हितेश नागेश्वर, राजेश बनवाले ने संयुक्त रूप से बताया कि सावन माह का आध्यात्मिक महत्व अत्यंत विशिष्ट होता है और सावन मास के पावन अवसर पर ग्राम स्थित बजरंग मंदिर में 5 अगस्त से दो दिवसीय संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया और ग्राम के ब'चें, महिलाएं, युवाओं, बुजुर्गों ने पूरे उत्साह और श्रध्दा के साथ शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित किये है। 6 अगस्त को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण कर दो दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल की बैठक में तिरंगा यात्रा निकालने की बनाई गई रूपरेखा

## पनबिहरी सरपंच ने पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन को फल से तौलकर किया स्वागत



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले के निवास स्थान में बुधवार को भाजपा मंडल लालबर्रा की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले, भाजपा महिला मोर्चा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर म.प्र. में हम हर घर तिरंगा लहराये अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त चलाये जा रहे जिसकी जानकारी प्रदान की। साथ ही लालबर्रा भाजपा मंडल के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाले जाने, संगठन को मजबूत करने सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की और आगामी 13 अगस्त को पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले के निवास स्थान से तिरंगा रैली निकालने का निर्णय लिया है। साथ ही पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले को इस हर घर तिरंगा यात्रा अभियान कार्यक्रम का प्रभारी भी बनाया गया है। वहीं बैठक संपन्न होने के बाद मौसम बिसेन के म .प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य बनने के बाद पहली बार पनबिहरी सरपंच के निवास पर पहुंचने पर पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले, भाजपा महिला मोर्चा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष श्रीमती रूपा बनवाले के द्वारा मौसम बिसेन को फल से तौलकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष योगेश लिल्हारे, सत्यनारायण श्रीवास, राजेन्द्र परिहार, प्रशांत जैन, राजेश गोस्वामी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्य विभाजन के विरोध में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

## तहसील कार्यालय में कार्य से विरत रहे तहसीलदार, दुर-दराज से आने वाले पक्षकारों को हुई परेशानी






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। म.प्र. शासन के द्वारा तहसीलदारों के कार्य विभाजन किये गये है। जिसके अनुसार प्रशासनिक एवं न्यायिक काम अलग-अलग तहसीलदारों को सौंप दिये गये है। जिसके विरोध में म.प्र. राजस्व अधिकारी संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय अनिश्तिकालीन हड़ताल की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में लालबर्रा तहसील कार्यालय में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार 6 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है। जिसके कारण अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं फरियादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और वे तहसील कार्यालय का चक्कर काटते नजर आये और तहसीलदार व नायब तहसीलदार के नही होने के कारण बिना काम करवाये उन्हे बैरंग वापस लौटना पड़ा। इस तरह से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण दुर-दराज से राजस्व सहित अन्य कम से आने ग्रामीणजनों सहित सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं राजस्व विभाग के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने कार्य विभाजन की जो योजना बनाई गई है, उसे संशोधित करने की मांग शासन-प्रशासन से की है। आपकों बता दे कि प्रदेश शासन के द्वारा राजस्व प्रशासन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। एकीकृत व्यवस्था के तहत संबंधित अधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की शक्तियाँ सौंपी गई हैं। न्यायालयीन कार्य कर रहे अधिकारी पूर्ववत राजस्व न्यायालय संचालन का दायित्व निभायेगें। जबकि शेष अधिकारी कानून व्यवस्था, राजस्व योजना, प्रोटोकॉल, राजस्व सर्वेक्षण एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य राजस्व न्यायालय के लंबित प्रकरणों का समयबध्द निराकरण करना तथा राजस्व सेवा के न्यायिक एवं गैर-न्यायिक कार्यों के मध्य स्पष्ट विभाजन सुनिश्चित करना है। शासन द्वारा इसे प्रभावीय रूप से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश सभी जिलों को प्रेषित कर दिए गए हैं। उसके बाद से प्रदेश स्तर से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार इस व्यवस्था का विरोध कर रहे है और इस नियम को संशोधित करने की मांग की जा रही है। 6 अगस्त से सभी तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। जिससे तहसील में होने वाले राजस्व से संबंधित कार्य, न्यायिक का प्रशासनिक काम प्रभावित हो रहे हैं एवं दुर से आने वाले पक्षकार को बिना सुनवाई के ही वापस लौटना पड़ रहा है और समय पर सुनवाई नही होने से प्रकरणों में विलंब हो रहा है, जिससे सभी परेशान है।

**पेशी में आये थे - दीपसिंह**

दीपसिंह मर्सकोले ने बताया कि तहसील कार्यालय में मेरे द्वारा बंटवारे का प्रकरण दर्ज किया गया है एवं आज पेशी में आये थे एवं लेकिन तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है। जिसके कारण तहसील में कोई काम नही हो रहा है ऐसी स्थिति में अपना काम-धंधा छोड़कर दुर-दराज से आये ग्रामीणजनों को बिना काम करवाये बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है।

**राजस्व से संबंधित कार्य हो रहा प्रभावित - पवन**

अधिवक्ता संघ लालबर्रा सचिव पवन गौतम ने बताया कि तहसील कार्यालय में नामांतरण, बटवारा, अवैध कब्जा सहित विभिन्न राजस्व से संबंधित प्रकरण चलते हैं। जिसकी सुनवाई के लिए क्षेत्रीयजन दूर दराज से तहसील कार्यालय पहुंचे थे परंतु तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण प्रकरणों की सुनवाई नही हो पा रही है। श्री गौतम ने बताया कि तहसीलदारों के हड़ताल पर चले जाने के कारण राजस्व संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे है, शासन-प्रशासन से मांग है कि तहसीलदारों की हड़ताल जल्द समाप्त करवाये ताकि

# अन्नपूर्णा पवार महिला मंडल का रामायण पाठ एवं सावन झूला कार्यक्रम सम्पन्न

## राज्यमंत्री पद मिलने पर मौसम हरिनखेड़े का किया गया सम्मान



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सावन मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अन्नपूर्णा पवार महिला मंडल द्वारा भव्य रामायण पाठ एवं सावन झूला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।जहां कार्यक्रम के पश्चात महिला मंडल की सक्रिय सदस्य रहीं मौसम हरिनखेड़े का राज्यमंत्री पद पर हुई नियुक्त पर विशेष सम्मान किया गया।जहां समस्त महिलाओ ने मौसम हरिनखेड़े का स्वागत पुष्पगुच्छ और पारंपरिक तरीके से किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सुंदर प्रस्तुति हुई, जिसमें गीत, नृत्य और भजन शामिल थे। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सावन के गीतों पर झूले का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन महा प्रसादी का वितरण के साथ हुआ।एक निजी लान में आयोजित इस कार्यक्रम का देर शाम समापन किया गया।इस दौरान निधि आकाश सिंह चौहान प्राची , किरण चौहान ,निर्मला गौतम ,लता हरिनखेडे , निर्मला पारधी , रेखा बिसेन , पुष्पा बिसेन, उर्मिला टेंभेरे अर्चना, ममता चौधरी, आशा बिसेन,अलका बिसेन आशा चौहान, सरिता गौतम, इंदिरा बिसेन, सुलोचना, किरण तुरकार ,सुनीता तुरकर शोभा पारधी सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रही।वही आयोजन के दौरान करीब 200 महिलाओं ने भाग लिया।

# सडक के बड़े बड़े गड्ढे बन रहे यमराज

## मामला दीनदयाल चौक से कॉलेज चौक का





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के दीनदयाल चौक से कॉलेज चौक के मध्य रामपायली रोड़ पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। जो आवागमन कर रहे लोगों के लिए साक्षात यमराज बने हुए हैं जहाँ लगातार लोगों की मोटर साइकिल उक्त गड्डों के कारण अनियंत्रित होती जा रही है। तो वहीं आवागमन करने में भी कई लोगों को परेशानी हो रही है हालांकि पूर्व में कई बार दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। किंतु वर्तमान तक उक्त गड्डों पर कोई मरम्मत कार्य नहीं किया गया है जिसका परिणाम है कि लोगों को समस्या बनी हुई है। इसमें देखने में आता है कि आंबेडकर मंगल भवन के सामने और वृताकार समिति के सामने दो बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। जिसमें पूर्व में किसी वस्तु से भरने का प्रयास किया गया था किंतु फिर से वहां जानलेवा हो गए हैं। जहां पर अधिकांश लोगों के वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं यह भंडारा महाराष्ट्र के लिए मुख्य मार्ग है जो हाइवे के रूप में उपयोग किया जाता है। जहां से छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहन आना.जाना करते हैं। पिछले समय हुई मूसलाधार बारिश के कारण यह गड्ढे जो पहले डामर की परत उखाड़ कर गड्ढे बने थे वहां बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। जिनकी मरम्मत के लिए राहगीरों सहित नगर वासियों के द्वारा मांग की जा रही है ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।**

### मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे होने से हो रही दुर्घटनायें-आनंद पटले

राहगीर आनंद पटले ने बताया की यह नगर से निकलने वाला भंडारा हाईवे मार्ग है जहां से हजारों लोग आना जाना करते हैं। ऐसे में नगर के अंदर मार्ग पर छोटे.बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें आंबेडकर भवन के पास एक बड़ा गड्ढा है जो समस्या बने हुए हैं। इसी के साथ जगह.जगह डामर की परत उखड़ गई है अभी मैं स्वयं आ रहा था तो गड्ढे के कारण अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई थी जबकि बाजू में कार जा रही थी। इस मार्ग पर दुर्घटना होने की बहुत ज्यादा संभावनाएं बनी हुई है। छोटी.मोटी दुर्घटनाएं होती है नगर पालिका को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिये गड्डों को भरना चाहिए ताकि बड़ी दुर्घटना ना हो।

### इनका कहना हैं

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि रामपायली मार्ग पर नगर के अंदर जो गड्ढे बारिश के कारण हो गए है। इसका मौका निरीक्षण कर उन्हें भरने का कार्य जल्द कर दिया जाएगा।

**सूर्यप्रकाश उके**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**वारासिवनी**

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन संपन्न

## विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर श्रद्धांजलि की गई अर्पित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। कृषि उपज मंडी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम ध्वजारोहण कर जिला सम्मेलन प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात कामरेड कृष्णा मोदी ,सीताराम येचुरी ,सिब्बु सोरेन एवं सभी क्रांतिकारी साथियों को श्रद्धापूर्वक भावपूर्ण श्रंद्धाजली दी गई। वहीं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कृष्णा मोदी के परिवार के सदस्य विनोद मोदी को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके बाद पार्टी की नई जिला कार्यकारणी गठित की गई जिसमें पार्टी का जिला परिषद का चुनाव किया गया। इसमें १७ सदस्य निर्वाचित किये गये जिसमें जिला सचिव छन्नुलाल दांदरे ,जिला सहसचिव राजकुमार नागेश्वर ,जिला सहसचिव विश्वनाथ टेंभरे, कोषाध्यक्ष भीमराव भोयर सहित जिला कार्यकारणी सदस्य नियुक्त हुए। तत्पश्चात उपस्थित जनों के द्वारा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उद्देश्य लक्ष्य का वर्णन करते हुए आगामी समय में होने वाले कार्यों और पार्टी के जिले में चल रहे कार्यों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं बीते ३ वर्ष में हुए पार्टी के कार्यों पर भी चर्चा कर आगामी समय में होने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। वहीं राज्य सम्मेलन में शामिल होने वाले लोगों की सूची तैयार की गई। इस अवसर पर बी सी उइके,डी डी वासनिक,राजकुमार नागेश्वर किरण बुर्डे ,दिनेश रामटेके ,छन्नुलाल दांदरे ,विश्वनाथ टेंभरे ,नरबद ठाकरे ,चंदुलाल ठाकरे ,छाया बाई पंचेश्वर, रेखा बाई जामरे ,गीता बाई पांचे ,कविता पंचेश्वर ,रामचंद पाटील ,टेकचंद दांदरे ,चित्रसेन सेंदरे ,अनुप पंचेश्वर ,गुलेन्द्र चौहान ,श्याम पटले ,पंचम पंचेश्वर, टेकराम पंचेश्वर, टेकराम मरठे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# खैरलांजी में विद्युत विभाग के प्रति ग्रामीणों ने किया आक्रोश व्यक्त

## विद्युत व्यवस्था को बहाल करने की मांग

खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) ।खैरलांजी में जनपद पंचायत भवन के सामने ग्रामीणों के तत्वाधान में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया। जिसमें जनपद पंचायत भवन के सामने विद्युत विभाग के प्रति नारेबाजी करते हुए विद्युत विभाग से हो रही समस्या पर आक्रोश व्यक्त किया गया। वहीं जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार नगपुरे ने बताया कि विद्युत विभाग की समस्या को लेकर १५ दिन पूर्व हमारे द्वारा धरना आंदोलन किया गया था। आज तक कोई सुधार कार्य नहीं हो पाया है बार.बार बिजली कटौती हो रही है आने और जाने का कोई निर्धारित समय नहीं है। खैरलांजी में ६२ ग्राम पंचायत है जिनके काम खैरलांजी के ब्लॉक कार्यालय में होते हैं जहां विद्युत नहीं होने के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। कई ट्रांसफार्मर खराब है एक जगह ट्रांसफार्मर ३ दिन से बंद है। हर कोई विद्युत समस्या पर आवेदन दे रहा है किंतु ऐसा लग रहा है कि अधिकारी उन आवेदनों को कचरे में डाल रहे हैं। वहीं देवेंद्र लिल्हारे ने बताया कि बिजली की आंख मिचोली चली आ रही है जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधि इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष सब शांत है इनका रवैया निंदनीय है हर बार मेंटेनेंस किया जाता है फिर भी समस्या यथावत है। एक महीना इन्होंने बंद करके पूरा सुधार कार्य कर कबाड़ को निकालना चाहिए पर कुछ नहीं होता है। यहां से जूनियर इंजीनियर को हटाना चाहिए विभाग में ऐसा लगता है कि मेंटेनेंस के नाम पर पूरी कालाबाजारी हो रही है। जो भी उपक्रम ठीक नहीं है उसे बदलना चाहिए कभी यह उड़ गया कभी वह उड़ गया विभाग की इन समस्याओं के कारण लोगों के कंप्यूटर पंखे लाइट सहित अन्य कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान उड़ रहे हैं। इनकी भरपाई की जिम्मेदारी भी कोई नहीं ले रहा है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार नगपुरे, देवेन्द्र लिल्हारे, ज्ञानी लिल्हारे, भारत सिंह शिवहरे, विनोद मसखरे, मुन्ना सूर्यवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# स्कुल से शिक्षकों के नदारत रहने से बच्चों की पढाई हो रही प्रभावित

## ग्रामीणों ने नदारत रहने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही करने विभाग से की मांग





रामपायली/ वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रामपायली के एकीकृत शासकीय बालक माध्यमिक शाला जहां पर कुल ३६ छात्रों की दर्ज संख्या है। जिन पर पांच शिक्षकों की जिम्मेदारी और महत्वपूर्ण हो गई है लेकिन बच्चों को आज भी अ ब स अथवा एबीसीडी का संपूर्ण ज्ञान ना होना क्या मालूम पड़ता है। एकीकृत शासकीय बालक माध्यमिक शाला जो रामपायली में उस स्थान पर है जहां वह दो तहसीलों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर मौजूद है। जहां से प्रशासनिक अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है उसके बावजूद भी यहां पदस्थ शिक्षक लापरवाही की बरत रहे है। आए दिन यहां के शिक्षक नदारत रहते हैं जिस पर प्रशासन का ध्यान नही जाना भी अब एक समस्या जान पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस विद्यालय में १०.३० बजे बच्चे तो स्कूल में अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए पहुंच जाते है किंतु वहां के शिक्षक नही पंहुचे है। पांच शिक्षकों जिसमें से दो शिक्षक मौजूद रहते है। बाकी तीन शिक्षक नदारत रहते है यह घोर लापरवाही का परिचायक जान पड़ता है। मौजूद शिक्षकों ने बताया कि वह शासकीय कार्य से बाहर है जब शासकीय कार्य के विषय में पूछा तो बताया की पंजीयन करने के लिए गए हुए हैं। जबकि शासकीय कार्यालय में पहले अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अन्य शासकीय कार्य करने की शासकीय नियमावली बताई जाती है । बावजूद शिक्षकों का बाहर से आना जाना और तो और कभी कभी ना आना भी बच्चों के भविष्य के लिए मुसीबत का कारण बनते जा रहा है। इसी परिसर में एकीकृत शासकीय कन्या माध्यमिक शाला लग रही है जहां ५७ बच्चे एवं पांच शिक्षक मौजूद है जो अपने नियम से बच्चों का प्रेयर से लेकर संपूर्ण विद्याधन का कार्य निभा रहे है। लेकिन एक ही परिसर में दो विद्यालय का लगना और उसमें एक का नियमों का पालन करना और दूसरे का नियमों को दरकिनार करना जांच का विषय है। इस दिशा में उच्च अधिकारियों से ग्रामीण जनों ने मांग की है कि यहां उपस्थित ३६ बच्चों के भविष्य इन शिक्षकों के सहारे है और जहां शिक्षक ही नदारत हो उस विद्यालय के बच्चों का भविष्य क्या हो सकता है । ग्रामीण जगदीश देड़े ने बताया कि उनके वार्ड का एक बच्चा कक्षा आठवीं में पड़ता है जिसे एबीसीडी और गिनती का संपूर्ण ज्ञान आज तक नहीं हो पाया है। कैसी यहां की शिक्षण व्यवस्था है यह समझ से परे हैं १०.३० बजे उस विद्यालय में पहुंचने के बावजूद भी शिक्षकों का आता पता नहीं था। और ना ही प्रेयर हो पाई थी किंतु बाजू में शासकीय कन्या शाला नियमों पर खरी उतरती दिखाई दे रही थी जहां १०.३० बजे प्रार्थना होकर बच्चों को विषय वार शिक्षा देने की तैयारी चल रही थी। वहीं बालक शाला के बच्चे यहां वहां घूमते नजर आ रहे थे और तीन शिक्षक नदारत थे यह कैसी शिक्षण व्यवस्था है । जिस पर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की लगाम नही लगना बच्चों के भविष्य को गर्त में डालने जैसा प्रतीत होता है ।

# सांदीपनि विद्यालय में मेघा योगा कार्यक्रम सम्पन्न

## अनुविभागीय अधिकारी कार्तिके जायसवाल ने विद्यालय का किया निरीक्षण






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। सांदीपनि विद्यालय में तीन दिवसीय मेघा योगा कार्यक्रम लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल एवं श्री श्री रविशंकर संस्थान आर्ट ऑफ लिविंग के संयोग से विद्यालय में ४ अगस्त से ६ अगस्त २०२५ तक आयोजित किया गया। मेघा योगा कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी कार्तिके जायसवाल,राजेश सोनेकर एवं श्रीमती श्वेता चड्डा की मौजूदगी में प्रांरभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अनुविभागीय अधिकारी कार्तिके जायसवाल के द्वारा मॉ सरस्वती का पुजन किया गया तथा प्रथम आगमन पर संस्था के प्राचार्य हुमराज पटले, लखन रिनायत, श्रीमती वंदना शर्मा, डेलेन्द्र मेश्राम, राजेश सोनेकर, अमित डोंगरे के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। वहीं संस्था के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को प्रथम आगमन पर स्मृति चिन्ह स्वरूप गीता भेंट की गई। कार्यक्रम के समापन के पश्चात् एसडीएम कार्तिके जायसवाल के द्वारा सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण में भौतिकी लेब, रसायन लेब, जीव विज्ञान लेब, पुस्तकाल, कीचन, मेस का निरिक्षण किया गया। तथा इनसे संबंधित प्रभारी शिक्षक एवं कर्मचारी से वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। संस्था प्राचार्य के द्वारा सांदीपनि विद्यालय की परिकल्पना एवं अधोसंरचना से एसडीएम श्री जायसवाल को अवगत कराया गया। एसडीएम श्री जायसवाल के द्वारा के जी १ एवं के जी २ के बच्चों के साथ चर्चा कर फोटोग्राफी करवाई गई। साथ ही विद्यालय में अध्ययन, अध्यापन की स्थिति से रूबरू हुये। इस दौरान कमल टेंभरे ,श्रीमती श्यामा कातरे, श्रीमती योगेश्वरी एड़े, श्रीमती अन्नु राहंगडाले, सुश्री रितिका जैन, मुकेश देशकर एवं समस्त स्टाफतथा कर्मचारी उपस्थित रहें।

### रामपायली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# अंग्रेजी शराब से भरी कार को चालक छोड़कर हुआ फरार

## 2लाख 40 हजार रुपये कीमत की 34 पेटी अंग्रेजी शराब और सेंट्रो कार जप्त कार चालक और मालिक की जा रही है तलाश

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। जिले जिले में शराब की तस्करी के चलते बीती रात रामपायली थाना क्षेत्र से अवैध रूप से परिवहन हो रही अंग्रेजी शराब से भरी सेंट्रो कार का चालक इस कार को वारासिवनी रोड पर स्थित ग्राम कटंगटोला के पास अंधेरे में छोड़कर फरार हो गया । इस सेंट्रो कार में अंग्रेजी शराब की 34 पेटी पाई गई ।जिसके अनुमानित कीमत 2 लाख 40हजार रुपए बताई गई है। रामपायली पुलिस ने इस मामले में कार चालक और मालिक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की है। रामपायली पुलिस के मुताबिक 5 एवं 6 अगस्त की दरमियानी रात करीब 1ः00 बजे सूचना मिली कि खैरलांजी की ओर से एक ग्रे कलर की सेंट्रो कार में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है मुखबिर की इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा रामपायली बस स्टैंड के पास वाहन चेकिंग शुरू की गई। जिसके कुछ देर बाद एक संदिग्ध कार खैरलांजी की ओर से आते हुए दिखाई दी ।जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया किंतु चालक ने कार नही रोकी और वह कार को वारासिवनी की ओर लेकर भाग गया। पुलिस टीम द्वारा इस कार का पीछा किया गया ।तभी कार के चालक ने पकड़े जाने की संभावना को देखते हुए कटंगटोला के पास अंधेरे में कार को छोड़कर फरार हो गया। रामपायली पुलिस ने कार की तलाशी लेने पर कार के अंदर से अंग्रेजी शराब की 34 पेटी और शराब के कि तस्करी में लिप्त सेंट्रो कार सीजी 07 एम ए 2634 को जप्त किये। जप्त 34 पेटी अंग्रेजी शराब में कुल 306 लीटर अंग्रेजी शराब पाई गई। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 40 हजार रुपए और इस सेंट्रो कार की कीमत करीब 4 लाख रुपए बताई गई है ।रामपायली पुलिस ने इस मामले में कार के चालक और इस कार के मालिक के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों की गिरफ्तारी हेतु टीम भिजवाई गई है की गई है।



# मन जब मोबाइल की गिरफ्त में तब ध्यान, धैर्य और मानसिक शांति कहाँ?

हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहाँ तकनीक प्रत्येक पल और हर कदम पर हमारे साथ है। स्मार्टफोन, जो कभी सुविधा का प्रतीक हुआ करता था, आज हमारी दिनचर्या का केंद्र बन चुका है। यह उपकरण जो कभी केवल कॉल, मैसेज और अलार्म तक सीमित था, अब हमारे संवाद, मनोरंजन, सूचनाओं और यहां तक कि भावनाओं तक का माध्यम बन गया है। पर क्या कभी हमने यह सोचने की ज़हमत उठाई है कि जिस फोन को हम अपनी सबसे बड़ी ताकत समझते हैं, वह कहीं हमारी मानसिक शांति और एकाग्रता को खत्म करने का माध्यम तो नहीं बन गया? आज अधिकांश लोग सुबह की शुरुआत मोबाइल के अलार्म से नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप या मेल चेक करने से करते है। दिन भर काम के बीच में भी हर कुछ मिनट पर फोन की स्क्रीन अनायास देखी जाती है—कोई नया नोटिफिकेशन आया क्या? कोई नई पोस्ट, नया वीडियो, या कोई अपडेट तो नहीं? यह सब इतना सामान्य हो चुका है कि हमें अब इसमें असामान्यता का कोई संकेत नहीं दिखता। लेकिन यहीं से शुरू होता है असली नुकसान—धीरे-धीरे और गहराई से। एक तरफ मोबाइल ने हमें दुनिया से जोड़ दिया, वहीं इसने हमारी खुद से दूरी बढ़ा दी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि मोबाइल पर अत्यधिक निर्भरता न केवल मानसिक एकाग्रता को प्रभावित करती है, बल्कि यह हमारी सोचने-समझने की क्षमता, हमारी रचनात्मकता और रिश्तों की गहराई को भी प्रभावित करती है। डोपामिन, जो हमारे मस्तिष्क को खुशी का अनुभव कराता है, वह हर एक 'लाइक', 'कमेंट', और 'नोटिफिकेशन' से उत्तेजित होता है। यह तात्कालिक आनंद तो देता है, पर दीर्घकालीन दृष्टि से यह हमें थका देता है, बेचैन करता है और चिड़चिड़ापन पैदा करता है।

हमारे जीवन से वह शांति और स्थिरता धीरे-धीरे खोती जा रही है जो कभी एकांत में बैठने, किताबें पढ़ने या प्रकृति से जुड़ने से मिलती थी। आजकल हम बस में सफर करते समय, कैफ़े में बैठे हुए या परिवार के बीच में होते हुए भी अपने फोन की स्क्रीन में डूबे रहते हैं। अब खाली वक्त को सहने की आदत नहीं रही। हर विराम, हर शून्यता को तुरंत भरने के लिए स्क्रीन मौजूद रहती है। और सबसे खतरनाक बात यह है कि यह लत अब बच्चों में भी साफ़ देखी जा सकती है। 5 साल का बच्चा भी खाना तभी खाता है जब उसके सामने मोबाइल चल रहा हो। किशोर अब अपने मन की बात दोस्तों से नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पोस्ट्स से ज़ाहिर करते हैं। रिश्ते धीरे-धीरे भावनाओं से नहीं, रील्स और रिएक्शन से जुड़ने लगे हैं। इस परिस्थिति से निकलने का पहला कदम है *डिजिटल अवेयरनेस*—यानि यह समझना कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग कब नुकसानदायक बन रहा है। उसके बाद आता है *डिजिटल डिटॉक्स*—कुछ घंटे, कुछ दिन या कुछ समय के लिए फोन से दूरी बनाना। शुरुआत आसान नहीं होगी, लेकिन धीरे-धीरे जब हम देखेंगे कि हमारे भीतर फिर से ध्यान टिकने लगा है, रिश्ते गहराने लगे हैं और मन हल्का महसूस करता है—तब हम समझेंगे कि असली सुख कहां छिपा था। हमें मोबाइल को साधन की तरह उपयोग करना होगा, साध्य की तरह नहीं। तकनीक हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए है, उसे जीने का आधार नहीं बनाना चाहिए। कोई भी टेक्नोलॉजी तब तक वरदान है, जब तक वह हमारी स्वतंत्रता में बाधा न बने। अब समय है कि हम स्क्रीन से नजर हटाकर अपने भीतर झाँकें। आत्म-निरीक्षण करें कि क्या वाकई हम समय को जी रहे हैं, या बस सोशल मीडिया की रफ्तार में बह रहे हैं। शायद वही खोई हुई मानसिक शांति, वही पुरानी स्थिरता और वो गहराई हमें फिर से महसूस हो—बस हमें थोड़ा ठहरना होगा।

# बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनता मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है। कभी आप इसे बीमारु राज्य के रुप में जानते रहे होंगे लेकिन आज यह विकास का रोल मॉडल बना हुआ है। बुनियादी सुविधाओं से लबरेज मध्यप्रदेश के विकास की यह कहानी दो दशक पहले आरम्भ हुयी थी। प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव हैं जो अपने प्रदेश से अत्याधिक लगाव रखते हैं। उनके नेतृत्व में यह प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। सड़क, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य के साथ ही घटाघोप अंधेरे में रहने वाले मध्यप्रदेश के सैकड़ों गांव अब रोशन हो चुकें हैं। मोहन यादव सरकार बिजली की उपलब्धता को दिनोंदिन बढ़ाने के लिये सारे जतन कर रही है। शहर ही नहीं बल्कि गांवों को भी प्राथमिकता के आधार पर भरपूर रोशन किया जा रहा है। याद करें वह दिन, जब बिजली कटौती होती थी तो पूरा प्रदेश अंधेरें के साये में डूब जाता था। लेकिन यह सरकार बिजली उत्पादन के क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिये नजीर बन गयी है। एक तरफ जहाँ विध्यालयों को पढ़ने के लिए भरपूर बिजली मिल रही है वहीं किसानों के खेतों में पानी पहुँचाने के लिए बिजली की कोई कमी नहीं है। प्रसंगवश बता दें कि अटल ज्योति अभियान ने मध्यप्रदेश को सरप्लस बिजली वाला प्रदेश बना दिया है। वर्तमान में जब बिजली की कमी को पूरा करते हुए जिन परियोजनाओं पर काम चल रहा है उससे यह कहने में संकोच नहीं है, सन 2028 के आते आते इतनी अधिक मात्रा में आवश्यकता के अनुरूप बिजली उत्पन्न होने लगेगी कि राज्य स्थायी रूप से बिजली संकट से मुक्त हो जायेगा।

देश में छह बड़े राज्य ऐसे हैं जो सर्वाधिक बिजली उत्पादन कर रहें हैं, संतोष की बात है कि उन राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश भी शुमार हो चुका है। कुल मिलाकर मध्यप्रदेश सरप्लस पॉवर स्टेट बन चुका है। यहां शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अब बिजली नहीं जाती। इसे मध्यप्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जायेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। हालांकि कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली अपेक्षानुरूप नहीं पहुँच पाती है इसकी जानकारी अक्सर प्रशासन तक पहुँचती है लेकिन उन क्षेत्रों में बिजली उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने हर तरह के प्रयास शुरू किये हैं। मध्यप्रदेश में आई टी के माध्यम से जहां एक ओर बड़े बड़े पूँजी निवेशकों को आकर्षित करने में सरकार सफल रही है वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों को बड़े शहरों से जोड़ने में उसे सफलता मिल रही है। कहना गलत न होगा कि प्रदेश की अन्य बुनियादी समस्याओं के साथ - साथ बिजली संकट से जूझना चुनौतीपूर्ण काम होता है लेकिन प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने अपनी सूझबूझ और तर्कसंगत फैसलों के कारण बिजली संकट को अपने शब्दकोश से ही हटा दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग को सस्ती तथा निम्न दर पर बिजली उपलब्ध करवाकर कीर्तिमान रचने वाले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के शब्दों में श्अंधेरे का युग वर्षो पहले समाप्त हो चुका है। मध्यप्रदेश अब ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है। किसान भाईयों, शहरी नागरिकों और औधोगिक इकाईयों को भरपूर बिजली दी जा रही है।श् यहाँ बता दें कि प्रदेश में बिजली उपयुक्त और कम दरों पर मिलने से सबसे ज्यादा किसान खुश हैं। अत्यधिक वर्षा तथा सूखे की विपदाओं से गुजरने वाला किसान कम से कम बिजली की चिंता से मुक्त हो चुका है।



मध्यप्रदेश बिजली बोर्ड का गठन 1 दिसम्बर 1950 को हुआ और 1952 में इसने काम करना शुरू किया था। इसके बाद प्रदेश का विभाजन हुआ और बिजली के कुशल प्रबंधन के लिये राज्य विद्युत बोर्ड को सन् 2002 में पुर्नगठित कर दिया गया। जुलाई 2002 में बिजली उत्पादन एवं वितरण के लिये तीन विधुत कम्पनियों की स्थापना की गयी। मध्यप्रदेश में कई विधुत संयंत्र स्थापित किये गये जिनमें थर्मल पावर प्लांट, जल विधुत संयंत्र और परमाणु ऊर्जा संयंत्र शामिल हैं। कुछ प्रमुख विधुत संयंत्रों में अमरकंटक, संजय गांधी, सतपुड़ा और सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट शामिल हैं। मध्यप्रदेश में बिजली से संबंधित कई योजनायें चल रही हैं, जिनमें अटल गृह ज्योति योजना और पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शामिल है। अटल गृह ज्योति योजना का उददेश्य कम ऊर्जा खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में सब्सिडी देना है। जबकि पी एम सूर्य घर योजना का लक्ष्य घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के बिरसिहंपुर में संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन 1340 मेगावाट की क्षमता वाला एक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। जबकि सतपुड़ा थर्मल पावर स्टेशन बैतूल जिले के सारनी में स्थित है, यह प्रदेश का तीसरा बड़ा बिजली संयंत्र है। मध्यप्रदेश में पवन ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा वर्ष 2011 में पवन ऊर्जा परियोजना नीति की शुरूआत हुयी थी। प्रदेश के इंदौर, मंदसौर, देवास, रतलाम, राजगढ, और आगर मालवा जिलों में पवन चक्कियाँ स्थापित की गयीं हैं। इसके साथ ही प्रदेश में अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोंतों से भी विद्युत उत्पादन की परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिये युद्व स्तर पर प्रयास किये जा रहें हैं। अमरकंटक, बिरसिंहपुर और सीधी में विद्युत उत्पादन को बढ़ाने के लिये आवश्यक संसाधन जुटायें जा रहें हैं। बिजली उत्पादन और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिये मध्यप्रदेश में काम जिस तेज गति से चल रहा है उससे संकेत मिलते हैं कि आगामी पाँच से सात वर्षो के दौरान मध्यप्रदेश पूर्ण रूप से बिजली की कमी से मुक्त होगा।

**-निलय श्रीवास्तव**

# देश में हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथ



वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथ का पूरा नाम मनकोम्बु संबाशिवन स्वामीनाथ था। उनका जन्म 7 अगस्त 1925 को हुआ था। वह कृषि वैज्ञानिक के साथ ही पादप आनुवंशिकीविद (Plant Geneticist) भी थे। उनको 1972 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का महानिदेशक बनाया गया और भारत सरकार के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। देश में हरित क्रांति की शुरुआत करने वाले महान कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन (MS Swaminathan) को केंद्र सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया गया वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथ ने देश को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़ा काम किया था। स्वामीनाथन ने गेहूं और चावल की ऐसी वेरायटी तैयार की थी जिससे न केवल पैदावार में इजाफा हुआ, बल्कि उनके प्रयासों से देश को सूखे से बचाने में भी मदद मिली। उनका विवाह मीना स्वामीनाथन से हुआ था, जिनसे उनकी मुलाकात 1951 में हुई थी जब वे दोनों कैम्ब्रिज में पढ़ रहे थे। वे चेन्नई, तमिलनाडु में रहते थे। उनकी तीन बेटियाँ सौम्या स्वामीनाथन (एक बाल रोग विशेषज्ञ), मधुरा स्वामीनाथन (एक अर्थशास्त्री), और नित्या स्वामीनाथन (लिंग और ग्रामीण विकास) हैं।गांधी और रमण महर्षि ने उनके जीवन को प्रभावित किया।अपने परिवार के स्वामित्व वाली 2000 एकड़ जमीन में से, उन्होंने एक तिहाई विनोबा भावे के कारण दान कर दी। 1960 के दशक में भारत समेत पड़ोसी देशों को अकाल की स्थिति से बचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण काम किया था।बाद में 1979 में वह प्रधान सचिव बनाए गए थे। वह योजना आयोग में भी रहे। देश को सूखे से बचाने पर उन्होंने महत्वपूर्ण काम किया था।अपने करियर की शुरुआत सिविल सेवा से की, लेकिन उनकी रुचि कृषि में थी। इस वजह से उन्होंने इस क्षेत्र में रिसर्च करना शुरू कर दिया। यूरोप और अमेरिका के कई बड़े संस्थानों में उन्होंने अपने रिसर्च से महत्वपूर्ण खोजे कीं और उपलब्धियां हासिल कीं। 1954 में उन्होंने सेंट्रल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट (Central Rice Research Institute) कटक में जैपोनिका किस्मों से इंडिका किस्मों में फर्टिलाइजर रिस्पांस के लिए जीन ट्रांसफार्मर करने पर बड़ा काम किया।उन्होंने इसे 卐उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने का पहला प्रयास बताया जो अच्छी मिट्टी की उर्वरता और अच्छे जल प्रबंधन का जवाब दे सकती हैं।

इसकी आवश्यकता इसलिए थी क्योंकि आज़ादी के बाद भारतीय कृषि बहुत अधिक उत्पादक नहीं थी। वर्षों के औपनिवेशिक शासन ने इसके विकास को प्रभावित किया और देश के पास इस क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए संसाधनों की कमी थी। हालत यह थी कि भोजन के लिए जरूरी फसलों को भी अमेरिका जैसे देशों से आयात करना पड़ता था। कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बु सम्बाशिवन स्वामीनाथन, जिन्हें भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है, ने 1960 के दशक के मध्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि का काम किया। मेक्सिको में एमएपी की सफलता से प्रेरित होकर, उन्होंने बोरलॉग के साथ मिलकर नई मैक्सिकन गेहूँ की किस्में विकसित कीं। नए बीजों से लैस, स्वामीनाथन ने कठोर परीक्षणों के माध्यम से उनकी क्षमता का प्रदर्शन करके किसानों और भारत सरकार को उन्हें अपनाने के लिए राजी करने के मिशन की शुरुआत की।

1966 में भारत ने 18,000 टन नए मैक्सिकन गेहूँ के बीज आयात किए, जिससे भारत में, विशेष रूप से उत्तर-पश्चिमी राज्यों पंजाब और हरियाणा में, गेहूँ के उत्पादन में आमूल-चूल परिवर्तन आया। भारत में गेहूँ का उत्पादन 1965 के 1.2 करोड़ टन से बढ़कर 1970 में 2 करोड़ टन हो गया। उच्च उपज वाले चावल के बीजों की किस्मों के विकास के साथ भारत में चावल का उत्पादन भी बढ़ा। 1971 में भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया, और 1970 के दशक के अंत तक भारत दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादकों में से एक बन गया। प्रभाव मेक्सिको में एक प्रयोग के रूप में शुरू हुई इस क्रांति ने अंततः दुनिया भर में, विशेष रूप से ब्राज़ील, चीन, पाकिस्तान और फिलीपींस जैसे विकासशील देशों में, कृषि में क्रांति ला दी। हरित क्रांति ने कृषि का औद्योगिकीकरण किया। रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और सिंचाई की विशेषता वाली आधुनिक खेती ने खेती के पारंपरिक तरीकों का स्थान ले लिया। हालाँकि यह प्रगति अभूतपूर्व थी, लेकिन इसके परिणाम भी हुए।

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण प्रदूषण, मृदा क्षरण और जैव विविधता में कमी आई। बड़े पैमाने पर सिंचाई परियोजनाओं के परिणामस्वरूप भूजल स्तर में कमी आई है। गरीब किसान अक्सर उच्च उपज वाले बीज, उर्वरक और सिंचाई प्रणाली जैसे आधुनिक कृषि सामग्री नहीं खरीद पाते हैं, जिससे उनकी उपज कम हो जाती थी , हरित क्रांति सही दिशा में एक बदलाव है, लेकिन इसने दुनिया को स्वप्नलोक में नहीं बदल दिया है। इसकी सीमाओं के बारे में उन लोगों से ज़्यादा कोई नहीं जानता जिन्होंने इसे शुरू किया और इसकी सफलता के लिए संघर्ष किया। यह देखते हुए कि हरित क्रांति ने भूख और अभाव के खिलाफ मनुष्य के युद्ध में एक अस्थायी सफलता हासिल की है, सरकारों और अन्य हितधारकों को न केवल कृषि अनुसंधान में बल्कि शिक्षा, रोजगार, आवास और स्वास्थ्य सेवा में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वामीनाथन का 28 सितंबर 2023 को चेन्नई स्थित उनके घर पर 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिन्हें आज भी भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है।

**-संजय गोस्वामी**

# पीएम व केंद्रीय गृहमंत्री अचानक राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की- राजनीतिक गलियारों में सियासी अटकलें चरम पर पहुंची

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत की हर गतिविधियों पर लगी रहती है वैसे भी अभी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक मानसून सत्र चल रहा है तो निगाहें और भी पैनी हो जाती है कि, संसद किस तरह के बड़े फैसले लेता है,या फिर ऑपरेशन सिंदूर पर 32 घंटों की बहस के बाद अब फिर एसआई आर पर संसद में हंगामें के कारण कामकाज ठप्प पड़ा है,ऊपर से उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर 2025 को होने की घोषणा हो चुकी है सांसद में बड़े-बड़े बिल पेंडिंग है, इस बीच भारत सरकार व पार्टी के दो मुख्य पावरफुल सर्वोच्च दिग्गजों का अचानक रविवार 3 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति भवन में जाकर राष्ट्रपति से मुलाकात करने की गतिविधि ने भारत ही नहीं पूरे विश्व का ध्यान खींचा है,इसीलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि जरूर कोई अति खास महत्वपूर्ण मुद्दा होगा जो दोनों दिग्गज अलग-अलग रूप से राष्ट्रपति भवन में जाकर उनसे मुलाकात की है,जिसका खुलासा कुछ दिनों में हो जाएगा, परंतु राजनीतिक हल्कों में सियासी अटकलों का बाजार गर्म हो गया है, विपक्ष अलर्ट हो गया है कि कहीं कोई बड़ा फैसला तो नहीं लिया जा रहा है, या फिर मानसून सत्र में कोई बड़ा बिल तो पेश नहीं किया जाएगा और हंगामें के बीच ध्वनिमत से पारित कर लिया जाएगा या फिर जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की भी तैयारी या फिर उपराष्ट्रपति के नाम पर मोहर लग चुकी है इसके कयास लगाए जा रहे हैं। चूँकि सरकार के दो मुख्य स्तंभों का मानसून सत्र में राष्ट्रपति से मिलना कोई बड़ा फैसला, बड़ा बिल, जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा या फिर उपराष्ट्रपति के चुनाव का मामला हो सकता है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पीएम गृहमंत्री नें अचानक राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की, राजनीतिक गतिविधियों में सियासी अटकलें चरम सीमा पर पहुंची।

साथियों बात अगर हम रविवार 3 अगस्त 2025 को भारत में सियासी हलचल तेज होने की करें तो,रविवार को पीएम ने और केंद्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। दोनों नेताओं के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है।हालांकि अभी तक यह सामने नहीं आया है कि पीएम और गृहमंत्री के राष्ट्रपति से मिलने के पीछे क्या कारण है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की सियासी दरअसल, दोनों नेताओं की राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद अलग-अलग तरह के कयास लगाए जा रहे है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार या तो कोई बड़ा फैसला लेने पर विचार कर रही है या फिर सदन में कोई बड़ा बिल लाना चाहती है। इसलिए दोनों नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात की है। बता दें कि संसद का मानसून सत्र चल रहा है। मानसून सत्र के पहले दिन से ही विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर और बिहार में एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग कर रहा है। इन दोनों मांगों को लेकर विपक्ष ने लगातार प्रदर्शन किया। विपक्ष की मांग के बाद संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हो गई है,लेकिन एसआई आर पर अभी तक चर्चा नहीं हुई है। विपक्ष इस मुद्दे पर सदन में चर्चा चाहता है लेकिन सरकार अभी तक इसपर बिल्कुल ही तैयार नहीं है।



साथियों बात अगर हम इस मुलाकात के माइनें 9 सितंबर 2025 को होने वाले चुनाव से जोड़कर देखें तो, चुनाव आयोग ने तारीखों की घोषणा कर दी है। 9 सितंबर को मतदान होगा। वर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके कारण नए उपराष्ट्रपति का चुनाव हो रहा है। 7 अगस्त को चुनाव आयोग की तरफ से अधिसूचना जारी की जाएगी।

बता दें कि 21 जुलाई को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। ऐसे में फिर से उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव होना है। यहां समझें दोनों सदनों का नंबर गेम, संसद की दोनों सदनों में सांसदों की कुल संख्या 782 है। उपराष्ट्रपति पद पर जीत दर्ज करने के लिए उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होती है। लोकसभा में 542 सदस्यों में, एनडीए के 293 सांसद हैं। वहीं, राज्यसभा में 240 सदस्यों में से 129 सदस्य एनडीए के हैं। कुल मिलाकर एनडीए को 422 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में एनडीए का उम्मीदवार ही उपराष्ट्रपति पद का दावेदार हो सकता है। फिलहाल की तरफ से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। यहां रेखांकित करने वाली बात यह है कि पार्टी के पास इस समय उपराष्ट्रपति चुनाव में धनखड़ और नायडू जैसी स्थिति नहीं है अभी तीन पहियों पर सरकार सवार है इसलिए बाकी दो पहियों से उम्मीदवार के नाम पर सहमति लेना जरूरी हो गया है,नहीं तो नंबर गेम में बड़ा खेला होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता नंबर गेम के हिसाब से और दो पहिए अगर क्रॉस वोटिंग कर गए गए तो हो सकता है उपराष्ट्रपति विपक्ष का हो जाए पर इसकी संभावना बहुत कम है।

साथियों बात अगर हम इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के बयान की करें तो, जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर से पूछा गया कि देश का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि केवल सत्तारूढ़ पार्टी का उम्मीदवार इस पद पर बैठ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह मालूम नहीं है कि वह किसे उपराष्ट्रपति बनाएगी। थरूर ने कहा कि हम बस इतना जानते है कि वह जिसे उम्मीदवार बनाएगी, वह व्यक्ति ही अगला उपराष्ट्रपति होगा। यह संसद के दोनों सदनों का चुनाव है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में राज्य की विधानसभाएं भी चुनाव करती हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति के लिए केवल लोकसभा और राज्यसभा ही मतदान करते हैं। इसलिए हम बहुमत पहले से ही जानते हैं। आगे कहा कि इतना समझ लीजिये कि अगला उपराष्ट्रपति सत्तारूढ़ दल द्वारा नामित व्यक्ति होगाउन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र अगले उपराष्ट्रपति को चुनने के लिए विपक्ष की भी सलाह लेगा, लेकिन कौन जाने?

साथियों बात अगर हम उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया व योग्यता की करें तो, उपराष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया और योग्यता (1) भारत का नागरिक होना चाहिए(2) कम से कम 35 वर्ष की आयु होनी चाहिए (3) राज्यसभा का सदस्य चुने जाने की योग्यता होनी चाहिए (4) उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया होती है (5) उम्मीदवार को 15,000 रूपए की जमानत राशि जमा करनी होती है (6) 1/6 वोट न मिलने पर जमानत राशि जब्त हो जाती है (7) नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाती है (8) मतदान प्रक्रिया में, मतदाता अपनी पसंद के अनुसार उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हैं (9) उदाहरण के लिए, यदि तीन उम्मीदवार॰, क्ष और ष्ट हैं, तो मतदाता प्राथमिकता दर्शा सकता है (10) हर सांसद एक वोट देता है (11) प्राथमिकता के आधार पर उम्मीदवारों को 1, 2, 3ज्के क्रम में दर्शाता है (12) मतों की गिनती के बाद, उम्मीदवारों को उनकी प्राथमिकता के अनुसार मतों का आवंटन किया जाता है (13) सबसे ज्यादा मत पाने वाले उम्मीदवार को राष्ट्रपति चुनाव का विजेता घोषित किया जाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि पीएम व केंद्रीय गृहमंत्री अचानक राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की- राजनीतिक गलियारों में सियासी अटकलें चरम पर पहुंची !सरकार के दो मुख्य स्तंभों का मानसून सत्र में राष्ट्रपति से मिलना कोई बड़ा फैसला,बड़ा बिल,जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा या फिर उपराष्ट्रपति चुनाव का मामला? सरकार के दो सर्वोच्च दिग्गजों का राष्ट्रपति से एक ही दिन अलग-अलग मिलना, किसी बड़े महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर इशारा करता है।

**-किशन सनमुखदास भावनानीं**

# भारत को टैरिफ की धमकी दे रहे डोनाल्ड...द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन कर रहा देश में बंपर कमाई

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके परिवार का भारत से गहरा कारोबारी रिश्ता है। हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप परिवार का संगठन, द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन, भारत को अमेरिका के बाहर अपने सबसे बड़े बाज़ार के रूप में देखता है। द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन ने बीते 10 सालों में भारत में कई बड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स शुरू किए हैं, जिसमें गुरुग्राम, पुणे, मुंबई और कोलकाता जैसे शहर शामिल हैं। इन प्रोजेक्ट्स से संगठन ने 175 मिलियन (1450 करोड़ से ज्यादा) से ज्यादा की कमाई की है। 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत के बाद, उनके संगठन ने भारत में अपने कारोबार को और भी तेजी से बढ़ाया है। उन्होंने भारतीय पार्टनर ट्रिबेका डेवलपर्स के साथ मिलकर छह नए प्रोजेक्ट्स का ऐलान किया है, जिनकी कुल बिक्री 1.8 बिलियन डॉलर ( 15,000 करोड़) से ज्यादा होने की उम्मीद है। ये प्रोजेक्ट्स पुणे, गुरुग्राम, हैदराबाद, मुंबई, नोएडा और बेंगलुरु जैसे शहरों में बनाए जा रहे हैं। बात दें कि द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन सीधे तौर पर निर्माण में पैसे नहीं लगाता। इसके बजाय, वह अपने ब्रांड का इस्तेमाल करने की अनुमति देता है, जिसके बदले में द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन को प्रोजेक्ट की बिक्री से 3 से 5 प्रतिशत तक का हिस्सा मिलता है। इस मॉडल के चलते, ट्रंप ब्रांड के लग्जरी फ्लैट्स की कीमतें ज्यादा होती हैं, जिससे संगठन को बड़ा मुनाफा होता है। एक ओर जहां राष्ट्रपति ट्रंप अपनी राजनीतिक रैलियों में भारत को डेड इकोनॉमी बताते हैं और टैरिफ लगाने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके परिवार का भारत के साथ व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहा है। यह दिखाता है कि उनकी राजनीतिक बयानबाजी और उनके कारोबारी हित दोनों अलग-अलग हैं। इतना ही नहीं ट्रंप के बेटे एरिक और डोनाल्ड ट्रंप जूनियर भी इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि भारत उनके संगठन के लिए सबसे बड़ा विस्तार वाला बाजार है। इस तरह, ट्रंप के राजनीतिक रुख के बावजूद, भारत उनके परिवार के लिए एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र बना हुआ है।

# भारत में पेरासिटामोल पर प्रतिबंध नहीं- अनुप्रिया पटेल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने संसद के मानसून सत्र के दौरान पेरासिटामोल दवा पर प्रतिबंध को लेकर उठे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने भारत में आमतौर पर उपयोग की जाने वाली पेरासिटामोल दवा पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। हालांकि, पेरासिटामोल के कुछ फिक्स्ड डोज़, जो अन्य दवाओं के साथ संयोजन में आते हैं, उन पर प्रतिबंध लगाया गया है। अनुप्रिया पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस संबंध में अफवाहों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि देश में पेरासिटामोल प्रतिबंधित नहीं है और यह दवा सामान्य रूप से उपलब्ध है। इसके साथ ही, राज्य मंत्री ने सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शुरू की गई मुफ्त दवा सेवा पहल की जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों, ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना और मरीजों के जेब खर्च को कम करना है। इस योजना के तहत राज्यों को निःशुल्क दवाओं के प्रावधान के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है। सरकार दवाओं की खरीद, गुणवत्ता आश्वासन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, ऑडिटिंग और शिकायत निवारण जैसी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने के लिए कड़ी व्यवस्था कर रही है। साथ ही औषधि एवं टीका वितरण प्रबंधन प्रणाली नामक सूचना प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म की मदद से आवश्यक दवाओं की खरीद और उपलब्धता की निगरानी की जा रही है। सरकारी अस्पतालों और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 697 दवा फॉर्मूलेशन के लिए सक्रिय दर अनुबंध भी बनाए गए हैं। इससे देशभर में आवश्यक दवाओं की गुणवत्तापूर्ण और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

# सोना और चांदी के भाव एक लाख के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव बीते दो दिन सर्वोच्च स्तर छूने के बाद बुधवार को गिरावट के साथ खुले। सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में सुस्ती देखी जा रही है। घरेलू बाजार में सोने के भाव 1,01,150 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,13,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा कारोबार में सुस्ती, जबकि चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट बुधवार को 9 रुपये की गिरावट के साथ 1,01,329 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,01,338 रुपये था। ?फिलहाल यह 195 रुपये की गिरावट के साथ 1,01,143 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट बुधवार को 81 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,433 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,13,504 रुपये था। फिलहाल यह 141 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,363 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में भाव लुढ़क गए। चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,434.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,434.70 डॉलर प्रति औंस था। फिलहाल यह 3.90 डॉलर की गिरावट के साथ 3,430.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.82 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 37.82 डॉलर था। इस समय यह 0.03 डॉलर की तेजी के साथ 37.85 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 87.77 पर बंद हुआ। वहीं रुपया मंगलवार को 87.78 पर बंद हुआ था। शुरुआती कारोबार में रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.73 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.72 पर खुला। फिर थोड़ी गिरावट के साथ 87.73 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की बढ़त दिखाता है।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। कारोबार में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कार्यो पर पूरा ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा और आप संतान के करियर को लेकर अपने किसी मित्र से बातचीत कर सकते हैं।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद से काफी कुछ मिलेगा। कोई शारीरिक समस्या होने से मन परेशान रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को यदि आपने धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपके मन में टेंशन भी बनी रहेगी।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई फैसला समस्या देगा। आपको किसी परिजन की याद सता सकती है। अध्यात्म के कार्यों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

**कर्क**- आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से परेशान रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको जल्दबाजी में कोई काम करना नुकसान देगा। आप किसी के बहकावे में आकर इन्वेस्टमेंट करने से बचें, नहीं तो उसमें आपका धन फंस सकता है। यदि आपने कोई लोन लिया था, तो आप उसे करने की भी पूरी कोशिश करेंगे। परिवार में कुछ समस्याओं को दूर करने में आप सफल होंगे। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि उलझन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। राजनीति में कार्यरत लोग अपने विरोधियों से सतर्क रहे, नहीं तो वह उनकी छवि को खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप कार्यक्षेत्र में किसी तकनीकी समस्या को लेकर परेशान रहेंगे।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। माता-पिता का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपकी अपने सहयोगी से किसी बात को लेकर झड़प हो सकती है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी पैसा जातकों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपने यदि किसी को भी धन उधार दिया था, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है। आप अपने निर्णय से लोगों को हैरान करेगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप किसी लेनदेन से संबंधित मामले को समय रहते निपटाने की कोशिश करें।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतनी होगी। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी मुलाकात होगी। आप काम में कोई जोखिम भरे फैसले ना ले और उसमे आपको धैर्य बनाए रखना होगा। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरा होने की संभावना है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए इनकम में वृद्धि लेकर आने वाला है। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे और आप अपने मनचाहे खर्चों को भी आसानी से कर सकेंगे, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा। किसी दूसरे नौकरी का आपको ऑफर आ सकता है, जिसे आप तुरंत ज्वाइन कर सकते हैं।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। यदि आपकी कोई परेशानी थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी से कोई बात बहुत ही तोल मोल कर बोले, नहीं तो उन्हे आपकी बात गलत लग सकती है। कार्य क्षेत्र में आपके छुपे हुए राज बाहर निकलेंगे। पारिवारिक समस्याओं को आप मिलकर दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**मीन**- आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामो पूरा ध्यान देंगे। आपका मन यदि किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, तो आप उसमें धैर्य बनाए रखें। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगें। संतान को लेकर यदि आप किसी बात को लेकर परेशान थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आप किसी नई संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको एक बजट बनाकर चलना बेहतर रहेगा।

## शब्दजाल - 7983

*शब्द जाल में उन 10 देशों के नाम ढूंढिए जिन्होंने यूरो कप-2004 में भाग लिया था. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | पु | र्त | गा | ल | ह | ट | झ | क | स्वि |
| यू | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | ट |
| ना | र | ह | इं | ग्लैं | ड | ज | बे | ला | ल | ज |
| न | म | दा | लैं | ल | क | र्म | हा | दा | र | र |
| द | रा | र | ड | हा | मि | नी | चि | स | र | लैं |
| ह | बु | प | व | दा | ला | ट | वि | या | न | ड |
| ट | ल्गा | डे | अं | र | वी | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | रि | वा | न | क | छ | सौ | न | हा | लैं | ड |
| स | या | तें | व | मा | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | र्क | ऐ | स्वी | ड | न | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

पुर्तगाल, हालैंड, यूनान, स्वीडन, डेनमार्क, इंग्लैंड, जर्मनी, बुल्गारिया, लाटविया, स्विटजरलैंड

### शब्दजाल - 7982 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | अ | मे | अ | आ | स्ट्रे | लि | या | र | प | जा |
| न | ट | क | मे | इं | डो | ने | ग | ति | मा | पा |
| अ | दा | ली | रि | मा | ग | ची | द | ह | प | न |
| जी | ग | ल | का | द | न | स | न | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | क्षि | मे | ह | का | न | दे |
| ज | र्म | नी | र | व | प | ण | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | ग्री | ला | को | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | ट | रा | रि | वि | ला |
| क | फ्रां | बा | रू | स | का | र | ब्रि | न | या | दे |
| र | स | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | टे | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | न | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6927

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | | | 7 | | | | |
| | 8 | 9 | | | | | 10 | | |
| 11 | | | | 12 | | 13 | | | |
| 14 | 15 | | 16 | | 17 | | | | 18 |
| 19 | | | 20 | | | | | 21 | |
| | | 22 | | | 23 | | 24 | | |
| | 25 | | | 26 | | | 27 | | |
| 28 | | 29 | | | | 30 | | | |
| 31 | | | | 32 | | | 33 | | |

**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगू ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6926

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | शु | ल | | ग | दा | र | | धा | |
| दे | | गा | य | ब | | ह | म | रा | ज |
| व | च | न | | न | ग | मा | | वी | रू |
| | र | | घ | | ज | न | म | | र |
| ती | स | री | मं | जि | ल | | दा | व | त |
| स | | | डी | | | नू | री | | |
| रा | जा | जी | | अ | मृ | त | | प | |
| कौ | न | | | प | | न | व | रं | ग |
| न | | अ | नु | रा | ग | | | प | |
| | जु | म्मा | | ध | | अ | प | रा | ध |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8451

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | 3 | | | 4 | 5 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 8 | | | | 9 | | | |
| 10 | | | | 11 | | | | 12 |
| 13 | | | 14 | | | | 15 | |
| | | 16 | | | | 17 | | |
| | 18 | | | | 19 | | | |
| 20 | | | | 21 | | | | 22 |
| 23 | | | 24 | | | | 25 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

### शब्द पहेली -8450 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | क | | सा | ग | र | | म | जा |
| द | म | न | | म | वा | ली | | म |
| | र | म | ल | | ना | प | ना | |
| स | | क | ह | र | | ना | का | म |
| ली | न | | जा | त | क | | रा | जा |
| का | र | क | | न | ह | र | | क |
| | म | म | ता | | वा | च | न | |
| ना | | ल | क | वा | | ना | य | क |
| ब | र | | त | र | फ | | न | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**7 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.19 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कन्या | 08.31 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.42 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.57 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 15.13 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 17.18 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.04 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.37 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.08 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | वृष | 23.48 बजे से |
| | | मिथुन | 01.46 बजे से |
| | | कर्क | 03.59 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 219 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला **तिथि** त्रयोदशी 14.28 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 14.01 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 06.42 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 14.28 बजे तदनन्तर गर 02.25 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 24' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872429 **जूलियन दिन** 2460894.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 12

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः त्याग में सुख

भगवान बुद्ध के पास सम्राट श्रोणिक आए और पूछा, 'भंते, हमारे राजकुमार, जिन्हें बहुत अच्छा भोजन मिलता है, जिन्हें हर तरह की सुविधाएं हैं, जो बड़े आवास में रहते हैं, जिनके साथ नौकर-चाकरों की पूरी फौज है, फिर भी वे प्रसन्न नहीं रहते। और आपके ये भिक्षु जो पदयात्रा करते हैं, निरंतर भ्रमण करते हैं, खाने को जैसा मिल जाता है, खा लेते हैं। रहने को जो कुटिया मिल जाए, वहां रह लेते हैं, फिर भी इनके चेहरे पर हमेशा इतनी प्रसन्नता रहती है। इसका कारण क्या है?' भगवान बुद्ध ने उत्तर दिया, 'प्रसन्नता खोजनी हो तो अकिंचन (जिसके पास कुछ भी न हो) में खोजो। जिसने संकल्प पूर्वक सब कुछ छोड़ दिया, वही प्रसन्न रह सकता है। भिखारी कभी प्रसन्न नहीं होगा, क्योंकि उसने छोड़ा नहीं है। वह तो अभाव में ही जीवन जी रहा है। अभाव का जीवन जीने वाला प्रसन्न नहीं रह सकता। उसे चिंताएं हर क्षण घेरे रहती हैं। जिसने जानबूझ कर छोड़ा है, वह प्रसन्न रह सकता है। ये दो बातें हैं- एक छोड़ना और एक छूटना। जिसे पदार्थ प्राप्त नहीं है, वह त्यागी नहीं है। त्यागी वह होता है, जो अपने स्वतंत्र मन से त्याग कर दे। वही प्रसन्न रह सकता है। अभावग्रस्त प्रसन्न नहीं रह सकता। साधन, सुविधा संपन्न व्यक्ति भी प्रसन्न नहीं रह सकता। उसे पैसे की सुरक्षा की चिंता सताती है। वे हमेशा भयभीत रहता है। अभय वही हो सकता है, जिसने स्वेच्छा से त्याग किया है।' श्रोणिक को अपने प्रश्न का समाधान मिल गया।

## सूडोकु नवताल- 7236

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7235 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद




मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई । आज कारोबार के दौरान आईटी और फार्मा शेयरों में हुई भारी गिरावट से भी बाजार पर दबाव आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक नीचे आकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.35 अंक फिसलकर 24,574.20 अंक पर आ गया। आज रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर बनाये रखा जिससे भी कई क्षेत्रो में गिरावट दर्ज की गयी और बाजार लाल निशान पर बंद हुए। आज के बाजार में सेंसेक्स कंपनियों में से इन्फोसिस, सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर गिरे जबकि अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, बीईएल और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर उछले। इससे पहले आज सुबह आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति एमपीसी ने रेपो रेट को 5.5 प्रतिशत पर स्थिर बनाए रखने का ऐलान किया। इस घोषणा के बाद सेंसेक्स लगभग 116 अंक गिरकर 80,600 के स्तर पर पहुंच गया। जबकि एनएसई निफ्टी50 इंडेक्स 50 अंक की गिरावट के साथ 24,600 के स्तर पर आ गया। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कोर महंगाई दर 4 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून और अन्य अनुकूल परिस्थितियां देश की आर्थिक वृद्धि को समर्थन देना जारी रखे हुए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक नई चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वह अगले 24 घंटों में टैरिफ में 'काफी भारी' बढ़ोतरी करेंगे क्योंकि भारत रूसी तेल खरीद रहा है। ट्रंप ने आगे कहा कि भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं है। वहीं वॉल स्ट्रीट के साथ एशियाई शेयर बाजार में भी बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.61 फीसदी बढ़कर 8,824 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस बीच, जापान का निक्केई 225 0.12 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.64 फीसदीनीचे रहा। अमेरिका में मंगलवार को वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए।

# ईडी की छापेमारी 260 करोड़ की साइबर ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग का भंडाफोड़

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उत्तराखंड में एक बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह के खिलाफ छापेमारी की। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई, जिसमें दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और देहरादून के कम से कम 11 ठिकानों को निशाना बनाया गया। सूत्रों के अनुसार, यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर का है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और देहरादून जैसे शहरों में सक्रिय ठग भारतीय और विदेशी नागरिकों को पुलिस या जांच एजेंसियों के अधिकारी बनकर डराते थे और गिरफ्तारी के नाम पर उनसे पैसे ऐंठते थे। इसके अलावा, वे खुद को माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन की तकनीकी सहायता सेवाओं के एजेंट बताकर भी लोगों से ठगी करते थे। ईडी की जांच में पता चला है कि ठगों ने पीड़ितों की धनराशि को क्रिप्टोकरेंसी में बदल दिया था और इसे अपने पास ट्रांसफर कर लिया था। आरोपियों ने कई क्रिप्टो वॉलेट्स में लगभग 260 करोड़ की बिटकॉइन जुटाई थी, जिसे बाद में यूएसडीटी में बदलकर नकदी में तब्दील किया गया। यह लेन-देन कई हवाला ऑपरेटरों और यूएई में स्थित व्यक्तियों के माध्यम से किया गया।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में नहीं किया कोई बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा बुधवार सुबह मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगस्त बैठक के नतीजों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया गया है। वैश्विक स्तर पर चुनौतियां एवं टैरिफ को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। गवर्नर ने कहा कि फरवरी से अब तक 100 बेसिस प्वाइंट रेट कट हो चुका है। पॉलिसी दरों में कटौती पर ट्रांसमिशन जारी सभी सदस्यों ने न्यूट्रल रुख बरकरार रखा है। अनिश्चितता से दरों में ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने का फैसला सरकार को बेहतर इकॉनमी की उम्मीद है। एक सर्वे में 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि समिति यथास्थिति बनाए रखेगी। वहीं कम से कम 10 उत्तरदाताओं ने 25 आधार अंकों (बीपी) की ब्याज दर में कटौती का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक इस साल फरवरी से अब तक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल जून की मौद्रिक नीति की बैठक में रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती की गयी थी। वहीं फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कमी की गयी थी। बता दें कि यह वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी द्विमासिक मॉनेटरी पॉलिसी है। इसके साथ ही तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक समाप्त हो गई। यह सोमवार, 4 अगस्त से शुरू हुई थी। ज्यादातर विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि आधार अंकों की कटौती के बाद रेपो दर को अपरिवर्तित रख सकती है। इस साल फरवरी और जून के बीच कुल 100 आधार अंकों की कटौती के साथ रेपो दर वर्तमान में 5.5 प्रतिशत है। रेपो रेट वह ब्याज दर होती है जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक कमर्शियल बैंकों को कर्ज देता है। यह दर सीधे ग्राहकों के कंज्यूमर को प्रभावित करती है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रेपो रेट बढ़ता है, तो बैंक भी आमतौर पर अपने ऋणों की ब्याज दरें बढ़ा देते हैं। इससे होम लोन, कार लोन या पर्सनल लोन की ईएमआई महंगी हो जाती है।

# कोटेश्वर धाम में 9 को पंचकुण्डीय मानस यज्ञ

## हवन व 10 को 108 पार्थिव शिवलिंग महारूद्राभिषेक पूजन, 10 को मंडई टेकरी में लगेगा सावन मेला

**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। एकल अभियान संच-लांजी के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का भव्य आयोजन दादा कोटेश्वर धाम, लांजी में 11 जुलाई 2025 से निरंतर जारी है। यह पवित्र आयोजन श्रीहरि वनवासी व्यास कथाकारों और भक्तजनों के सहयोग से संचालित हो रहा है, जो आगामी 9 अगस्त 2025 को दोपहर 1 बजे विश्रांति के साथ समापन की ओर अग्रसर है। इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है, जिसमें लांजी और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।**

### पंचकुण्डीय मानस यज्ञ, हवन और महाआरती का आयोजन

30 दिवसीय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ के समापन के अवसर पर शनिवार, 9 अगस्त 2025 को दोपहर 1 बजे से दादा कोटेश्वर धाम परिसर में पंचकुण्डीय मानस यज्ञ और हवन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस यज्ञ में पूर्णाहुति के पश्चात महाआरती का कार्यक्रम होगा, जो भक्तों के लिए आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बिंदु होगा। इस पवित्र यज्ञ में सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति, गुजरी चौक, लांजी के सदस्य अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। समिति के सदस्यों का यह सहयोग आयोजन की गरिमा को और बढ़ाएगा। हवन और महाआरती के उपरांत, डॉक्टर एसोसिएशन लांजी द्वारा महाप्रसादी के रूप में राम रोटी का आयोजन किया गया है।

### 108 पार्थिव शिवलिंग महारूद्राभिषेक पूजन

इस धार्मिक आयोजन की कड़ी में अगले दिन, रविवार, 10 अगस्त 2025 को प्रातः 6 बजे से 108 यजमानों द्वारा 108 पार्थिव शिवलिंग का महारूद्राभिषेक पूजन किया जाएगा। इस अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए सादर मित्र मंडल, विश्वैय्या चौक, लांजी के सदस्य अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। महारूद्राभिषेक पूजन भगवान शिव की




कृपा प्राप्त करने और आध्यात्मिक शांति के लिए किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें भक्तगण उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे शक्ति उपासक कालीपुत्र कालीचरण महाराज की पावन उपस्थिति में 108 गौ माता पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर व्यापारी संघ लांजी द्वारा विशाल भण्डारा राम रोटी का आयोजन किया गया है।

### एकल अभियान का उद्देश्य और अपील

एकल अभियान संच-लांजी अंचल-बालाघाट के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे और अन्य पदाधिकारियों ने इस आयोजन को धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताते हुए सभी धर्म प्रेमियों से इसमें शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल भक्ति और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देता है, बल्कि सामुदायिक एकता और सामाजिक समरसता को भी मजबूत करता है। सभी भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे इस पवित्र अवसर पर दादा कोटेश्वर धाम, लांजी में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### आयोजन का महत्व

यह 30 दिवसीय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ, पंचकुण्डीय यज्ञ, महारूद्राभिषेक और राम रोटी जैसे आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह स्थानीय समुदाय को एक मंच पर लाने का भी कार्य करते हैं। दादा कोटेश्वर धाम, लांजी, जो पहले से ही आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में जाना जाता है, इस आयोजन से और अधिक गौरव प्राप्त करेगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों जैसे सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति, डॉक्टर एसोसिएशन लांजी, और सादर मित्र मंडल के सहयोग से यह आयोजन सामुदायिक सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### रविवार को मेला मैदान मंडई टेकरी में सावन मेला

एकल अभियान संच लांजी के तत्वावधान में 11 जुलाई से 10 अगस्त तक 30 दिवसीय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन जारी है। इसी कड़ी में 10 अगस्त रविवार को बाजार चौक में लगने वाला साप्ताहिक बाजार एक दिन के लिए मेला मैदान मंडई टेकरी में सावन मेले के रूप में लगाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए नगर परिषद लांजी के द्वारा भी अनुमति प्रदान की है। एकल अभियान संच-लांजी द्वारा आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का अनूठा संगम है। 9 और 10 अगस्त 2025 को होने वाले इन विशेष कार्यक्रमों में शामिल होकर भक्तगण न केवल आध्यात्मिक शांति प्राप्त करेंगे, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत करेंगे। सभी

# मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप

## लक्ष्मी बिलावर की प्रताड़ना से मौत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिंझलगांव निवासी लक्ष्मी पति सरोज बिलावर की जहर के सेवन से मृत्यू होना बताया जा रहा है। वहीं लक्ष्मी के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर प्रताडना का



आरोप लगाते हुये इसे सोची समझी साजिश बताई जाकर आत्महत्या करने के लिये प्रेरित करना बताया जा रहा हैं। बतादे कि लक्ष्मी पिता स्व राजू भटेरे का विवाह बीते 17 मई को बिंझलगांव निवासी सरोज बिलावर के साथ सामाजिक रीति रिवाजों के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही सरोज के द्वारा अपनी पत्नि लक्ष्मी को आये दिन पैसो की मांग को लेकर प्रताडित कर रहा था। बीत कुछ दिनों पूर्व ही लक्ष्मी जब अपने घर आई थी तो उसने घर वालो को बताया कि मेरे पति एवं ससुराल पक्ष ने मुझसे 20 हजार रूपये की मांग की है तो मायके पक्ष के द्वारा 10 दिन पूर्व ही 10 हजार रूपये लेकर लक्ष्मी को ससुराल भेजा था तथा बाकि 10 हजार रक्षाबंधन में देने की बात हुई थी। इसी बीच 4 अगस्त को खबर आई की लक्ष्मी को सीने मे दर्द है इसलिये इसे गोंदिया के यूनाईटेड हास्पिटल में भर्ती कराया गया है जब मायके पक्ष के लोग गांदिया अस्पताल पंहुचे तो वहां ज्ञात हुआ कि लक्ष्मी ने जहर का सेवन किया है जिसका उपचार जारी है वहीं लक्ष्मी के ससुराल पक्ष के कोई भी जिसमें ना पति ना ही अन्य लोग अस्पताल में मौजूद थे। लक्ष्मी को भर्ती करवाकर वहां से चले गये थे। लक्ष्मी की मृत्यू 5 एवं 6 अगस्त के दरम्यान बताई जा रही है। 6 अगस्त को शव का पोस्टमार्टम किया जाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है तथा बोलेगांव में लक्ष्मी बिलावर का अंतिम संस्कार मायके पक्ष के द्वारा किया गया वहीं अंतिम संस्कार में भी ससुराल पक्ष से कोई भी व्यक्ति मौजूद नही था। इस संबध में गोंदिया पुलिस के द्वारा शून्य पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया जाकर अग्रिम जांच के लिये पुलिस थाना लांजी भेजा जायेगा। मायके पक्ष ने उक्त संबध में जांच की मांग करते हुये है कहा कि लक्ष्मी के ससुराल पक्ष की प्रताडना से तंग आकर यह कदम उठाया होगा जिसकी सुक्ष्मता से जांच की जानी चाहिये तथा दोषियो के

# जनपद पंचायत लांजी में रोजगार मेले का हुआ सफल आयोजन

## 153 आवेदकों में से 80 युवक-युवतियों का हुआ चयन





लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में 6 अगस्त 2025 को जनपद पंचायत लांजी के सभागृह में एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना था। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ और जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामगोपाल यादव के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोजगार मेले में 10 प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने कुल 153 युवक-युवतियों का पंजीयन किया। साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया के पश्चात 80 युवक-युवतियों को विभिन्न पदों के लिए चयनित किया गया। यह चयन न केवल उनके कौशल और योग्यता को दर्शाता है, बल्कि क्षेत्र में रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। रोजगार मेले के दौरान उपस्थित कंपनियों ने अपनी कार्यप्रणाली और नौकरी के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। युवाओं को अपने गांवों से बाहर जाकर रोजगार के अवसर तलाशने और नए क्षेत्रों में अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजकों ने युवाओं को नौकरी के साथ-साथ व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के महत्व को समझाया।

### स्किल डेवलपमेंट और सुविधाएं

चयनित युवाओं को बताया गया कि उनकी स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग के दौरान रहने और खाने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क होगी। ट्रेनिंग पूर्ण होने के बाद चयनित उम्मीदवारों को 14,500 से 16,500 रुपये तक का मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कंपनियां इंश्योरेंस, ग्रेजुएटी, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगी, जो युवाओं के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक भविष्य का निर्माण करेंगी।

### आयोजन में सहयोग

इस रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला इकाई बालाघाट डीएम स्कील के दिलीप सिंह गोंड, विकासखंड प्रबंधक राजाराम परते, सहायक विकासखंड प्रबंधक अतीत फुलमारी, सुश्री सुनीता चन्ने, होलेश पांचे, कुशनलाल मटाले और समस्त स्टाफ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी मेहनत और समर्पण ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और जनपद पंचायत लांजी की ओर से ग्रामीण युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान देगा।

# एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव में पालक संघ बैठक में नवीन समिति का किया गठन

## पालको को 1202 पौधों का किया वितरण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव में मंगलवार व बुधवार को दो दिवसीय पालक संघ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा दूसरी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की उपस्थिति में शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा, नवीन पालक संघ समिति का गठन, और पर्यावरण संरक्षण हेतु 651 पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें स्कूल संचालक ए.आर. कुशले, प्रधानाध्यापिका श्रीमती ममता कुशले, और पालकगण प्रकाश बेदरे, प्रकाश पटले, राजेश तुरकर, भोजराज धनोले, और श्रीमती सीमा इनवाती शामिल थे। बैठक में प्री-प्राइमरी और मिडिल कक्षाओं के लिए नवीन पालक संघ समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें डॉ. प्रकाश बेदरे (टेडवा) को अध्यक्ष, प्रकाश पटले (सावरीकला) को उपाध्यक्ष, भुमेश्वर तुरकर (पारडी) को सचिव, दुलीचंद कावड़े (लाड़सा) को सह-सचिव, और महिला समिति में श्रीमती सविता मिसारे (सेवती) को अध्यक्ष, श्रीमती अल्का भरें (मोहझरी) को उपाध्यक्ष, श्रीमती वर्षा पटले (सावरीकला) को सचिव, और श्रीमती कविता कुशले (ककोड़ी) को सह-सचिव मनोनीत किया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत दो दिवसीय बैठक में कुल 1202 पौधों का वितरण किया गया। नवगठित समिति ने उपस्थित पालकगणों को 651 पौधे भेंट किए, जिनमें बेलपत्र, अशोक, सागौन, महानोम, गुलमोहर, कदम, समी,




पारीजात, आंवला, जाम, जामुन, और आम जैसे पौधे शामिल थे। जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्रों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# शासकीय हाइस्कूल पाला मे निःशुल्क साइकिलों का किया गया वितरण

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत किरनापुर क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पाला मे आज दिनाँक 05/08/2025 को निशुल्क सायकिल वितरण की गई जिसमे जनप्रतिनिधि माननीय भुवन भाऊ रहाँगडाले जनपद उपाध्यक्ष,जनपद सदस्य माननीय मुकेश सिंह चौहान , श्रीमती लता चौधरी सरपंच पाला , श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती सुनीता चौधरी जी पंच पाला, एंव गणमान्य नागरिक सोमारु सावजी, हगरू महाजन,कुंजीलाल लिल्हारे , प्राचार्य एन सी परिहार सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



# पीएमश्री कन्या शाला में साईकिलो का किया गया वितरण

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय किरनापुर में संचालित पी एम श्री शास.कन्या उच्च.मा.विद्यालय किरनापुर (बालाघाट) में कक्षा 6 वी एवं 9 वी के छात्राओं को जनप्रतिनिधि भुवनभाउ राहंगडाले जनपद उपाध्यक्ष , मनीष भीमटे जनपद सदस्य,मुकेश चौहान जनपद सदस्य, योगराज भास्कर जनपद सदस्य,(किरनापुर) जे. पी.रामटेके पंच एवं सरपंच प्रतिनिधि,विजय लिल्हारे पंच, भोजराज भीमटे पंच ,ग्राम पंचायत किरनापुर के गणमान्य नागरिक, विद्यालय परिवार के सदस्य एवं पालकों की उपस्थिति में शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क साइकिल का वितरण छात्राओं को तिलक लगाकर ससम्मान प्रदान किया गया।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# कॉन्स्टेबल भर्ती घोटाले की जांच कराए सरकार

## कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, पुलिस की ड्रेस पहनकर सदन पहुंचे विधायक, बोले...

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के आठवें कांग्रेस ने आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामले को लेकर विधानसभा में अनोखा प्रदर्शन किया। विधायक पुलिस की ड्रेस पहनकर विधायक पहुंचे। आरक्षण भर्ती मामले की जांच की मांग करते हुए गांधी प्रतिमा के पास बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। केवलारी से कांग्रेस विधायक रजनीश सिंह ने कहा- हमने बेरोजगारों की तरफ से पुलिस की वर्दी पहनकर प्रदर्शन किया है। हम सरकार से कहना चाह रहे हैं कि कॉन्स्टेबल भर्ती घोटाले की जांच कराएं और नौजवानों को उनका दिलाएं।




उमंग सिंघार ने कहा कि उम्मीदवारों की जगह नकली सॉल्वर परीक्षा दे रहे थे। जांच में फोटो, सिग्नेचर, हैंडराइटिंग और फिंगरप्रिंट मेल नहीं खा रहे, फर्जी आधार कार्ड के जरिए 7411 पदों की भर्ती में खुला खेल जारी है। यह भर्ती घोटाला व्यापम पार्ट 2 है और इसकी निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों को सजा दी जानी चाहिए। सरकार इस भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का काम कर रही है।

### 'लव जिहाद' संवैधानिक शब्द नहीं

विधानसभा में भाजपा विधायक आशीष शर्मा की तरफ से जो सवाल पूछा गया है, उसमें 'लव जिहाद' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। जिसको लेकर उमंग सिंघार ने सवाल उठाया है। उनका कहना है ये संवैधानिक शब्द नहीं है तो संवैधानिक चीजों में क्यों इस्तेमाल किया जा रहा है। लव जिहाद के आंकड़ों को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 'लव जिहाद' संवैधानिक शब्द नहीं है। आरएसएस और बीजेपी जिहाद शब्द का इस्तेमाल करती है लव जिहाद संवैधानिक शब्द नहीं। संवैधानिक तौर पर 'धर्मांतरण' एक शब्द है उस पर चर्चा होना चाहिए। बीजेपी कट्टरपंथियों को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सिर्फ वोट के लिए राजनीति कर रही है। भोपाल में बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष के रिश्तेदार का नाम सामने आया। उसे पर बीजेपी कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है।

### उत्तराखंड त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि

विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद आज सदन में उत्तराखंड त्रासदी में मारे गए लोगों को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उत्तराखंड हादसे और पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक जताया। कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने कहा कि ऐसे कम ही व्यक्ति रहे जो पांच राज्यों के राज्यपाल रहे होंगे। उत्तराखंड त्रासदी से पूरा देश स्तब्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सत्यपाल मलिक के कार्य को सदैव स्मरण करेंगे। उत्तराखंड में 36 सेकंड में जो तबाही आई है, उसने केदारनाथ की घटना का दोबारा स्मरण करा दिया। सीएम ने हर मृतक के लिए मोक्ष की कामना की और उम्मीद जताई कि इस आपदा से जल्द बाहर निकलेंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने भी शोक जताया। सदन में मौन रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई।

# लाड़ली बहनों को राखी से पहले मिलेगा गिफ्ट

### आज अकाउंट में आएंगे 250 का विशेष शगुन

भोपाल। मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना में शामिल महिलाओं को राखी से पहले एक गिफ्ट मिलने वाला है। लाड़ली बहना योजना की 27वीं किस्त 7 अगस्त को उनके अकाउंट में आएगी, लेकिन इस बार उन्हें 1250 रुपये के साथ 250 रुपये एक्स्ट्रा दिए जाएंगे। जिससे उनके अकाउंट में कुल 1500 रुपये जमा होंगे। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रक्षा बंधन त्योहार के उपलक्ष्य में लाड़ली बहनों को यह शगुन की राशि दी जा रही है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुद एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि लाड़ली बहनों को प्रतिमाह दी जाने वाली योजना की किस्त की राशि 1250 रुपये के साथ 250 रुपये का रक्षा बंधन का विशेष शगुन भी दिया जाएगा। यह उपहार उन्हें रक्षा बंधन से पहले ही मिल जाएगा।

### इस बार जल्दी आएगी किस्त

लाड़ली बहना योजना की किस्त आम तौर पर 10 तारीख के बार ही महिलाओं के अकाउंट में आती है, लेकिन इस बार रक्षा बंधन के पर्व को देखते हुए यह किस्त 7 अगस्त को जारी की जा रही है। लाड़ली बहनें त्योहार को खुशी के साथ मना सकें, इसलिए यह किस्त पहले जारी की जा रही है। 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के बैंक अकाउंट में गुरुवार को यह राशि ट्रांसफर की जाएगी।

### जल्द ही मिलेंगे 1500 रुपये हर महीने

सीएम डॉ. मोहन यादव पहले ही इस बात की घोषणा कर चुके है कि लाड़ली बहनों को जल्द ही हर महीने मिलने वाली किस्त में बढ़ोतरी की जाएगी। इस साल दीपावली की भाई दूज से यह 1500 रुपये कर दी जाएगी। सरकार लाड़ली बहनों को मिलने वाली राशि को बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

## पूर्व राज्यपाल मलिक और उत्तराखंड हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि, सम्मान में कार्यवाही स्थिगित

भोपाल। मप्र विधानसभा में आज बुधवार को पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन एवं उत्तराखंड हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन एवं उत्तराखंड के हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के राज्यपाल सहित कई पदों को सुशोभित किया करने वाले मलिक जैसे नेता बहुत कम ही होते हैं। इस में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। इसके बाद सदन ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की शांति का कामना की। इसके बाद अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मृतकों के सम्मान में 12 बजे तक के लिए विधानसभा की कार्यवाही

# मप्र में वाहनों के बकाया टैक्स पर 4 गुना पेनल्टी

## विधानसभा में मप्र मोटर यान कराधान संशोधन विधेयक 2025 पारित

भोपाल। विधानसभा में बुधवार को मध्यप्रदेश मोटर यान कराधान संशोधन विधेयक 2025 पारित कर दिया गया। इस पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने कहा कि भोपाल, इदौर, ग्वालियर और जबलपुर संभागों में वाहनों पर ढाई हजार करोड़ के टैक्स बकाया है। सरकार इसे क्यों नहीं वसूल पा रही है। भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि आरटीओ दफ्तर एजेंटों के भरोसे चल रहे हैं। लोग टैक्स की बढ़ी हुई राशि नहीं देंगे। जवाब में परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा- पहले 4 प्रतिशत पेनल्टी लगती थी जो लंबी दूरी के हिसाब से होती थी। नई व्यवस्था में 4 प्रतिशत पेनल्टी तो लगेगी ही, पुराना बकाया होने पर 4 गुना अधिक राशि भी वसूली जाएगी। बस या अन्य वाहनों में क्षमता से अधिक अधिक लोगों को बिठाने पर 1000 रुपए प्रति सीट पेनल्टी वसूली जाएगी।

### परिवहन जुर्माना बढने पर भ्रष्टाचार बढ़ेगा

मुरैना से कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि चेक पोस्ट व्यवस्था खत्म किए जाने के बाद से भारी वाहनों और ओवरलोड वाहनों का कारोबार बढ़ा है। शराब की तस्करी भी तेजी से हो रही है। विधायक ने कहा कि जुर्माना बढने पर बढ़ी राशि लोग देंगे नहीं। ऐसे में भ्रष्टाचार ही बढ़ेगा। वहीं सौंसर से कांग्रेस विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने कहा कि मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री के बीच चल रहे विवाद के चलते चेकपोस्ट व्यवस्था खत्म की गई है। असलियत यह है कि चेक पोस्ट व्यवस्था खत्म किए जाने से भ्रष्टाचार और अधिक बढ़ गया है। सब कुछ पहले से सेट है और वसूली सिस्टम पर ही काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों में जाने वाले वाहनों में यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर भरा जाता है। यह व्यवस्था बदलनी होगी। चार पहिया वाहनों पर सबसे ज्यादा टैक्स मध्यप्रदेश में लिया जा रहा है। सबसे कम छत्तीसगढ़ में है। यहां ज्यादा टैक्स लिए जाने के कारण लोग दूसरे राज्यों में गाडियों का रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। इससे सरकार का ही राजस्व नुकसान हो रहा है। मध्यप्रदेश में ट्रकों में गोवंश भरकर ढोए जा रहे हैं, जिस पर एक्शन लिए जाने की जरूरत है।

### दूसरे राज्यों में भी टैक्स अधिक

परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने जवाब में कहा कि पहले 4 प्रतिशत पेनल्टी लगती थी जो लंबी दूरी के हिसाब से होती थी। नई व्यवस्था में 4 प्रतिशत पेनल्टी तो लगेगी ही, पुराना बकाया होने पर 4 गुना अधिक राशि भी वसूली जाएगी। बस या अन्य वाहनों में क्षमता से अधिक लोगों को बिठाने पर 1000 रुपए प्रति सीट पेनल्टी वसूली जाएगी। लोडिंग वाहन में क्षमता से अधिक लोड मिलने पर प्रति टन 1000 रुपए पेनल्टी लगाई जाएगी। मध्यप्रदेश में ही टैक्स ज्यादा नहीं है, दूसरे राज्यों में भी टैक्स अधिक है। यह व्यवस्था भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप है। वाहनों में पैनिक बटन की व्यवस्था देश के हर राज्य में लागू है। मध्यप्रदेश में 10 लाख से कम कीमत वाले वाहनों में दूसरे राज्यों की अपेक्षा सबसे कम टैक्स है। ड्राइविंग लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पासपोर्ट की तरह घर पहुंच सेवा के रूप में लागू करने जा रहे हैं। फेसलेस सर्विस पर फोकस किया गया है।

# मप्र में हर साल लव जिहाद के 57 मामले दर्ज

## विधानसभा में पेश हुए चौंकाने वाले आंकड़े

भोपाल। मप्र में शासन-प्रशासन की सख्ती के बावजुद आपराधिक गतिविधियां रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। विधानसभा में पेश आंकड़े चौंका रहे हैं। जिसके मुताबिक प्रदेश में हर दिन एक पुलिसकर्मी हमले का शिकार हो रहा है। वहीं इंदौर और भोपाल में क्राइम में मामले बढें हैं। साथ ही 6 साल में 54 हजार महिलाओं से रेप के मामले सामने आए हैं। वहीं मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने विधानसभा में बताया कि 2020 से लेकर अब तक प्रदेश में लव-जिहाद के 283 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। यानी प्रदेश में हर साल तकरीबन 57 लव जिहाद के मामले आ रहे हैं। इनमें 18 वर्ष से कम उम्र की 73 किशोरियां लव-जिहाद की शिकार हुईं हैं। सर्वाधिक 55 प्रकरण इंदौर में दर्ज किए गए हैं। दूसरे नंबर पर भोपाल में 33।

दरअसल, कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा में प्रश्न किया था। जिसके जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि लव-जिहाद के प्रकरणों को रोकने के लिए मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 27 मार्च 2021 से लागू किया गया है। उन्होंने यह जानकारी विधायक आशीष गोविंद शर्मा के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। बताया कि असुरक्षित बालिकाओं और महिलाओं को लक्ष्य बनाकर उनका शोषण करने एवं भय या दबाव पूर्वक मतांतरण करने की घटनाओं की जांच के लिए पुलिस मुख्यालय ने चार मई 2025 को राज्य स्तरीय एसआइटी का गठन किया है। पीड़ितों को कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। लव जिहाद के सर्वाधिक प्रकरण मालवा निमाड़ अंचल के पुलिस थानों में दर्ज किए गए। पहले नंबर पर इंदौर है। यहां नगरीय क्षेत्र के पुलिस थानों में 55 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इंदौर ग्रामीण में 16, धार में 13, झाबुआ में तीन, खरगोन में 10, खंडवा में 12, बड़वानी में चार, बुरहानपुर में तीन, उज्जैन में 12, देवास में तीन, शाजापुर में आठ, आगर में पांच, मंदसौर में चार, रतलाम व नीमच में तीन-तीन, ग्वालियर में छह, गुना व अशोकनगर में तीन-तीन, भिंड में दो, जबलपुर में पांच, छिंदवाड़ा में चार, नरसिंहपुर में दो, सिवनी में सात, सागर में दो, दमोह में तीन, टीकमगढ़ में दो, छत्तरपुर में 11, रीवा में पांच, सतना में दो, मैहर में एक, शहडोल, अनूपपुर व नर्मदापुरम में दो-दो, हरदा में छह, बैतूले में पांच, रायसेन में एक, भोपाल नुमीय 33, सीहोर में आठ, राजगढ़ में पांच, बालाघाट में दो, विदिशा मंडला और डिंडौरी में एक-एक प्रकरण दर्ज हुए हैं।

### 6 साल में 54 हजार महिलाओं से रेप

महिलाओं पर अत्याचार के मामले में राजधानी भोपाल आगे हैं। वहीं इंदौर में हत्या और चोरी के मामले भोपाल से दोगुना दर्ज हुए हैं। रेप के मामलों में सजा मिलने की दर एक चौथाई से कम हुई। 2018 से 2024 के बीच 54000 महिलाओं के साथ रेप हुए। 2018 में रेप के मामले में 12 फीसदी के करीब अपराध में सजा मिली। लेकिन साल 2024 में सजा की दर गिरकर लगभग 2.7 रह गई। मप्र में प्रतिदिन 20 महिलाओं से दुष्कर्म और 33 महिलाओं के अपहरण हो रहे हैं। इस साल जनवरी से जून 2025 तक दुष्कर्म के 3,742 मामले सामने आए। इनमें अनुसूचित जाति की महिलाएं 905, जनजाति 1143, पिछड़ा वर्ग की 1228 और सामान्य वर्ग की 466 थीं। इस अवधि में 120 सामूहिक दुष्कर्म के मामले दर्ज किए गए। यह जानकारी मुख्यमंत्री मोहन नादव ने विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। इसमें सामने आया है कि वर्ष 2024 में दुष्कर्म के प्रकरण में 2.79 प्रतिशत, सामूहिक दुष्कर्म में 1.63 प्रतिशत को ही सजा हो पाई, जबकि 2018 में क्रमशः 12.43 प्रतिशत तथा 16.25 प्रतिशत को सजा हुई थी। प्रदेश में वर्ष 2018 से लेकर 2024 तक सात वर्षों में 54, 067 महिलाओं से दुष्कर्म हुए। पीड़िताओं में अनुसूचित जाति की 14,258, अनुसूचित जनजाति की 14,804, पिछड़ा वर्ग की 18,942 तथा सामान्य वर्ग 6,063 महिलाएं शामिल हैं। दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। 2018 में 7,136 मामले थे, जो 2024 में 20 प्रतिशत बढकर 8,518 हो गए। अपहरण के मामले 6,394 से बढकर 100,70 हो गए। यानी 53 प्रतिशत बढ़े। जनवरी से जून 2025 तक अपहरण के 5,868 प्रकरण दर्ज हुए। प्रताप ग्रेवाल ने यह भी पूछा था कि 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन में 2024 मे दुष्कर्म के 5592 प्रकरण बताए गए थे, जबकि उत्तर में मुख्यमंत्री ने 8518 मामले बताए हैं जो 60 प्रतिशत अधिक है। इसके जवाब में कहा गया है कि पीड़िता की बरामदगी होने पर बलात्संग की घटना पाए जाने पर अपहरण के प्रकरण बलात्संग के प्रकरण में परिवर्तित होते हैं, जिससे अपहरण एवं बलात्संग के प्रकरणों में कमी, वृद्धि होना एवं आंकड़ों में परिवर्तन होना संभव है।

### हर दिन एक पुलिसकर्मी पर हमला

मप्र में सिर्फ आम इंसान ही नहीं बल्कि खाकी भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में जनवरी 2024 से 30 जून 2025 तक 612 पुलिसकर्मियों पर हमले हुए हैं। 461 मामले पुलिस पर हमले के दर्ज किए गए। डेढ़ साल में पांच पुलिसकर्मियों की हत्या हुई।

# आउट सोर्स कार्मिकों को 50 और प्रतिशत आरक्षण देने की मांग

भोपाल। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा बिजली कंपनियों में नवीन ओ एस को स्वीकृति देकर 49263 नियमित पदों का सृजन कर भर्ती हेतु स्वीकृति प्रदान की है। इसके लिए फेडरेशन ने पत्र प्रेषित कर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी, ऊर्जा मंत्री श्री प्रघुम्न सिंह तोमर जी, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई जी एवं सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निर्देशक गणों जी का आभार व्यक्त किया।

राकेश पाठक ने कहा कि पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री जी से अनुरोध किया है कि बिजली कंपनियों में लगभग *10 वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित पदों पर बिना शर्त तत्काल संविलियन अर्थात नियमित किया जाना चाहिए।

राकेश डी पी पाठक ने निवेदन करते हुए कहा कि है की *परीक्षण सहायक नियमित भर्ती 2013 में 1339 पदों पर तीनों विद्युत वितरण कंपनी हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे प्रतियोगी परीक्षा, साक्षात्कार एवं दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात तीनों विद्युत कंपनियों ने कुल 1339 पदों पर नियमित परीक्षण सहायक भर्ती करने के पश्चात शेष लगभग 1550 उत्तीर्ण प्रतियोगियों को प्रतीक्षा सूची में शामिल करते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने संविदा पर नियुक्ति प्रदान की गई एवं कुछ महीनो बाद इन्हीं प्रतीक्षा सूची में से तीनों वितरण कंपनियों ने सैकड़ो लोगों को नियमित नियुक्ति प्रदान कर दी गई जहां कुछ विद्युत दुर्घटना में काल के गाल में समा गए, कुछ लोगों ने स्वयं को असुरक्षित समझते हुए विभाग से त्यागपत्र देकर अन्य केंद्रीय एवं राज्य की सेवा में चले गए एवं कुछ विभाग की प्रतियोगी परीक्षाओं से चयनित होकर नियमित हो गए जबकि वर्तमान में उपरोक्त में से शेष बचे लगभग 650 कर्मचारी अब भी 12 वर्षों से सरकार के न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं जैसा की 2013 विधानसभा चुनाव पूर्व भाजपा घोषणा पत्र में भी विद्युत वितरण कंपनियों में कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की घोषणा की गई थी। राकेश पाठक ने माननीय जनों से अनुरोध किया है कि ऊर्जा विभाग मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत तीनों याने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी भोपाल व पश्चिम क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी इंदौर के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के लगभग एक हजार संविदा एवं नियमित कर्मचारियों के लिए वन टाइम ट्रांसफर पॉलिसी कंपनी टू कंपनी ( गृह जिला कंपनी) पारदर्शी स्थानांतरण नीति* बनाई जानी चाहिए। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि बिजली कंपनियों में लगभग *10 वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कमचारियों के लिए नवीन भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए । जिससे वर्षों से सेवारत कमचारियों के अनुभव का लाभ बिजली कंपनियों को मिल सकेगा वहीं आउट सोर्स कर्मचारियों का भविष्य सुखद व सुरक्षित हों सकेगा ।

# आपदा प्रबंधन को छोड़ बाकी कामों से अफसरों की दूरी

## न्यायिक-गैर न्यायिक विभाजन से नाराज तहसीलदार

भोपाल। राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन को लेकर बुधवार से विरोध हो रहा है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार आपदा प्रबंधन को छोड़ अन्य कोई काम नहीं कर रहे हैं। भोपाल में भी नई व्यवस्था का विरोध है। इस बारे में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि यह कैबिनेट का निर्णय है। सभी तहसीलदारों के लिए व्यवस्था नहीं है। भोपाल में बैरागढ़, कोलार, एमपी नगर, शहर वृत्त, बैरसिया और टीटी नगर तहसीलें हैं। इनके तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को न्यायिक और गैर न्यायिक कार्य में विभाजित किया गया है। यानी, जो अधिकारी न्यायिक कार्य कर रहे हैं, वे फिल्ड में नहीं है। वहीं, फिल्ड वाले अधिकारी न्यायिक कार्य नहीं कर रहे। इस व्यवस्था का वे भी विरोध कर रहे हैं। बुधवार को कोर्ट समेत अन्य काम उन्होंने नहीं किए। इस वजह से आमजनों के कामकाज पर भी असर पड़ रहा है। राजस्व अधिकारी जिला मुख्यालयों में उपस्थित रहकर आपदा प्रबंधन के कार्यों को छोडक़र समस्त कार्यों से विरत है। सभी अधिकारी अपने शासकीय वाहन जिलों में जमा करा देंगे और अपने डिजिटल सिग्नेचर के डोंगल सीलबंद कर एकत्र कर जिला अध्यक्ष को सौंपेंगे।

### मंत्री बोले-पहले दिक्कतें आ रही थीं

विरोध के चलते राजस्व मंत्री वर्मा ने बताया कि कैबिनेट का निर्णय है। प्रोटोकॉल और न्यायालयीन प्रक्रिया में पहले बड़ी दिक्कतें आ रही थीं। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के लिए व्यवस्था नहीं की है। कुछ के लिए ही है।

### पहले भी मंत्री-अफसरों को सुना चुके बात

इस संबंध में मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ राजस्व मंत्री वर्मा और सीनियर अधिकारियों के सामने अपनी बात रख चुका है। इस दौरान बताया गया था कि अगले 3 महीने के लिए 12 जिलों में ही पायलेट प्रोजेक्ट के तहत यह व्यवस्था लागू की जाएगी, लेकिन बाद में 9 और जिलों में यह व्यवस्था लागू कर दी गई।

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिले उर्वरक - सचिन यादव



भोपाल। सोमवार 4 अगस्त को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने प्रदेश भर में खाद की किल्लत को लेकर सवाल उठाया। श्री यादव द्वारा पूछे गये सवाल के उत्तर में कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने प्रस्तुत जवाब में कहा कि प्रदेश में मांग के अनुरूप यूरिया एवं उर्वरकों की आपूर्ति की गई है। कही पर भी किसी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है। विधायक सचिन यादव ने सवाल किया कि जब खाद समुचित मात्रा में उपलब्ध है तो हमारे प्रदेश के अन्नदाता परेशान क्यों हैं मेरे गृहजिले खरगोन मुख्यालय पर विगत एक माह में 4 बार किसानों द्वारा क्यों चक्काजाम किया जा रहा है? किसान अपने दैनिक खेती किसानी का काम छोड़कर सुबह 5 बजे से लाईन लगकर 2 बोरी खाद के लिए परेशान हो रहा है वह क्या मजाक है? प्रदेश के किसान खाद की भीषण कमी से जूझ रहे हैं। उन्हें अपने हक के लिए रात-रात भर कतारों में खड़े रहना पड़ रहा है फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि खाद की गंभीर किल्लत को लेकर कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा में शुक्रवार को प्रदर्शन कर किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार से मांग की।

श्री यादव ने कहा कि पिछले 22 वर्षों से भाजपा सत्ता में है, बावजूद इसके खाद की वितरण प्रणाली को आज तक दुरुस्त नहीं किया जा सका है। हर खरीफ और रबी सीजन में यही स्थिति बनती है। किसान भटकता है, मांग करने पर उस पर एफआईआर दर्ज की जाती है, और खाद की कालाबाज़ारी माफिया खुलेआम करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की जमाखोरी और काला बाजारी करने वाले माफियाओं को भाजपा सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। छोटे और सीमांत किसान हताश हैं, जबकि सत्ता में बैठे लोग इन माफियाओं के साथ खड़े हैं। किसानों की पीड़ा पर सरकार ने अब तक कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई है।

कांग्रेस विधायकों ने सदन के भीतर और बाहर दोनों जगह सरकार से तत्काल प्रभाव से खाद वितरण की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने, कालाबाजारी रोकने के लिए कठोर कदम उठाने और एफआईआर जैसे अमानवीय कदमों पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि किसानों को राहत नहीं मिली तो कांग्रेस प्रदेशव्यापी जनआंदोलन करेगी।

# करोडों की भूमि माफियाओं को सौंपने की होगी उच्च स्तरीय जांच

### कांग्रेस विधायक बोले- विधानसभा में दी जा रही है गलत जानकारी

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा में बुधवार को अमरपाटन तहसील के गांव उमराही में करोडों रुपए मूल्य की सरकारी भूमि को तहसीलदार द्वारा भूमाफियों के हवाले करने का मामला गरमाया। विधानसभा में ध्यानाकर्षण के दौरान अमर पाटन के वरिष्ठ विधायक राजेंद्र कुमार सिंह द्वारा यह मामला उठाते हुए कहा कि तहसीलदार और माफिया की मिलीभगत से करोडों की सरकारी जमीन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि शहर के मुख्य बाजार की यह 10-20 करोड की कीमती जमीन माफिया के हवाले की जा रही है। माफियाओं ने इस जमीन पर बडा से कॉप्लेक्स भी निर्मान करवा लिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में मामले में न्यायालय का स्टे होने की गलत जानकारी दी जा रही है इस मामले में उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए। साथ ही उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। प्रश्न के उत्तर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए न्यायालय का फैसला आने के बाद ही नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। इस पर प्रश्नकर्ता सदस्य ने कहा कि न्यायालय का कोई स्थगन नहीं है, सरकार को गलत जानकारी दी जा रही है। इसके उत्तर में मंत्री जी ने कहा कि हमें भी मामले कुछ गडबड नजर आ रही है, इसीलिए सरकार मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के विरुदध सख्त कार्रवाई करेगी।

# मॉ अम्बे कृषि केंद्र रजेगांव एवं सहकारी समिति बिठली से लिये गए उर्वरक के नमूने अमानक पाए गए

## अमानक लॉट वाले उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी फूलसिंह मालवीय ने मॉ अम्बे कृषि केंद्र रजेगांव से लिये गए सरदार एग्रो फर्टीलाईजर कम्पनी गुजरात के सिंगल सुपर फास्फेट के नमूने एवं आदिमजाति सेवा सहकारी समिति बिठली से कृष्णा फोस्केम लिमिटेड मेघनगर झाबुआ द्वारा निर्मित 20-20-00-13 उर्वरक के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए जाने पर उसके अमानक लॉट वाले उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही उर्वरक निर्माता कम्पनी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। मॉ अम्बे कृषि सेवा केंद्र रजेगांव से 10 जुलाई को सरदार एग्रो फर्टीलाईजर कम्पनी गुजरात के बेच क्रमांक जेड-005 के सिंगल सुपर फास्फेट के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए थे। प्रयोगशाला जांच में यह नमूने अमानक पाए गए है। इसी प्रकार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिठली से 09 जुलाई को बेच क्रमांक के-25-एओ-267 के 20-20-00-13 उर्वरक के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए थे। यह नमूने भी प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए गए है। जिस पर बेच क्रमांक जेड-005 का सिंगल सुपर फास्फेट एवं बेच क्रमांक के-25-एओ-267 के 20-20-00-13 उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भंडारण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया है। उर्वरक निर्माता कम्पनी सरदार एग्रो फर्टीलाईजर कम्पनी गुजरात एवं कृष्णा फोस्केम लिमिटेड मेघनगर झाबुआ को कारण बताओ नोटिस जारी कर 07 दिनों के भीतर स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नही मिलने पर इनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण अधिनियम एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।



## सावरी में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की हुई बैठक



कटंगी(पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी तहसील के ग्राम सावरी में बुधवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक का आयोजन हुआ. यह बैठक ग्राम सावरी में योगेश राहंगडाले के आवास में संभागीय संगठन मंत्री बृजेश जैन की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुई. उन्होंने ग्राहकों के अधिकार और संगठन के उद्देश्य को समझाया. बैठक में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने संगठन को मजबूत करने और अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान के अंतर्गत नए सदस्य बनाने के लिए विस्तार पूर्वक अपने विचार साझा किए. बैठक में जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अरविंद सोनी, जनपद सदस्य चमन डोंगरवार, सावरी सरपंच योगराज पटले, नरेंद्र चौहान, विनोद पटले, तरुण कुमार भैरम, चितरंजन राहंगडाले, बुनेश पटले, चेतन बाघमारे, विनोद राव ऊके, लक्ष्मण शरणागत, लोकराम शरणागत, रूपचंद पटले, तुलसीराम नागौसे सहित अन्य जन मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की बालाघाट ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। सड़क दुर्घटना में दो माह पूर्व घायल हुए 25 वर्षीय रामकिशन पंचेश्वर की उपचार के दौरान अधिक तबियत खराब होने पर बेहतर उपचार के लिए बालाघाट ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। लालबर्रा पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक युवक के परिजनों ने अज्ञात चौपहिया वाहन चालक को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमोली निवासी 25 वर्षीय रामकिशन/गेंदलाल पंचेश्वर गत 30 मई को नेवरगांव ला. अपनी बुआं के घर मोटरसाइकिल में अकेला गया था एवं शाम 5.30 बजे वापस लालबर्रा की ओर आ रहा था। तभी लालबर्रा की ओर से जा रहे धान से भरे ट्रक के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को सिहोरा-पोंडी के बीच स्थित नाले के ऊपर बने पुल के समीप टक्कर मार दी थी। जिससे रामकिशन गंभीर रूप से घायल हो




गया था और लहुलुहान अवस्था में रोड़ किनारे पड़ा हुआ था। वहीं युवक को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक सहित फरार हो गया था। जिसके बाद मार्ग से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दिये और निजि वाहन से लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती किये थे। जहां प्राथमिक उपचार करने के लिए गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया था। वहीं जिला चिकित्सालय में उपचार होने के बाद गोंदिया रिफर कर दिया गया था जहां करीब डेढ़ माह तक घायल युवक का उपचार जारी रहा। जिसके बाद परिजनों ने घायल युवक को गोंदिया से लाकर गत 14 जुलाई को लालबर्रा के निजि अस्पताल में भर्ती कर दिये थे, जहां रामकिशन का उपचार जारी था। वहीं 6 अगस्त को रामकिशन की सुबह अचानक अधिक तबियत खराब होने पर परिजन उसे बालाघाट लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस तरह से सड़क दुर्घटना में दो माह से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है। जिसके बाद परिजनों ने मृत युवक के शव को लेकर वापस लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं पुलिस को सड़क दुर्घटना में दो माह पुर्व घायल हुए युवक की मौत हो जाने की जानकारी लगने पर थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी के निर्देश पर पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल चुका है। साथ ही सड़क दुर्घटना होने के बाद लालबर्रा पुलिस ने जिस ट्रक से हादसा घटित हुआ था उस ट्रक को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया था और जमानत पर वह रिहा भी हो चुका है। लेकिन 6 अगस्त को सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर पुर्व में ट्रक चालक के खिलाफ जिस धारा के तहत कार्यवाही की गई थी उसमें धारा बढ़ाकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। चर्चा जनपद सदस्य प्रतिनिधि बालकरण पंचेश्वर ने बताया कि 30 मई को सड़क दुर्घटना में रामकिशन घायल हो गया था, जिसका करीब डेढ़ माह तक गोंदिया के निजि अस्पताल में उपचार चला, जिसके बाद आर्थिक परेशानी को देखते हुए लालबर्रा के निजि अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां 15 दिनों का उपचार जारी है, 6 अगस्त को अचानक तबियत अधिक खराब होने पर बालाघाट ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। श्री पंचेश्वर ने बताया कि धान से भरे ट्रक से दुर्घटना हुई थी और घटना के 5 दिन बाद ट्रक सहित चालक को पकड़ लिया गया था और मृत युवक के परिजनों को शासन की योजना का लाभ दिलवाया जायेगा।

### मामले की जांच की जा रही है - सुनिल

दूरभाष पर चर्चा में थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी ने बताया कि 30 मई को सड़क दुर्घटना में अमोली निवासी रामकिशन घायल हो गया था जिसका उपचार जारी था। 6 अगस्त को बालाघाट ले जाते समय रास्ते में मौत हो जाने एवं शव को लालबर्रा अस्पताल लेकर आ जाने की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करने के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। साथ ही यह भी बताया कि पूर्व में ट्रक चालक के खिलाफ मामला पंजीबध्द कर गिरफ्तार कर लिया गया था, घायल युवक की मौत हो जाने के बाद ट्रक चालक के खिलाफ पूर्व में लगी धाराओं में वृध्दि कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी और मामले की जांच जारी है।

## ग्राम सोनपुरी मे निकाली गई विशाल कांवड़ यात्रा



उकवा(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन के इस पावन पर्व पर विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम सोनपुरी एवं आस पास के सभी ग्रामों के शिव भक्त सम्मिलित हुए एवं भोले बाबा को जल अर्पित करने के लिए सुबह 7 बजे समशान घाट सभी लोग एकत्रित हुए  एवं पारंपरिक रूप से डफली की धुन में बोल बम के जयकारो के साथ बाबा धाम के लिए निकल पड़े। हजारों की संख्या में शिव भक्त एवं नन्हे शिव भक्तों की टोली ने ग्राम का भ्रमण किया जहां जगह जगह ग्रामीणों के द्वारा उनका स्वागत कर पुष्प वर्षा की। संपूर्ण रास्ते में भक्तों द्वारा जलपान, फल, आदि की व्यवस्था भी की गई थी ग्राम के ही शिव मंदिर पर सभी भक्तों द्वारा जल चढ़ाया एवं प्रसादी वितरण की गई जिसमें उपस्थित युवा समाजसेवी संदीप गजभिये, आर्यन तिलसी, आयोजक समिति से अशोक कटरे,राम पंचतिलक,भोजराज बिसेन,संतोष राहंगडाले,रवि राऊत, सुजल महाकाल,गौरव कटरे,हर्षित बोपचे,भविष्य बावने,ऋषिकेश राऊत,प्रेम बिसेन,ऋतिक राहंगडालें,आकाश पंचतिलक,ऋषि राहंगडाले,रूपेश रक्षा,नारायण राउत,सोमेंद्र चौहान, अमन गौतम,पूर्व वरकड़े, एवं ग्राम के समस्त महिला मंडल एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हिमाचल के किन्नौर में लैंडस्लाइड, किन्नर कैलाश यात्रा रुकी

नई दिल्ली। पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार रात से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। किन्नर कैलाश यात्रा पर गए दो श्रद्धालुओं की बाढ़ में बहने से मौत हो गई। अचानक आई बाढ़ से किन्नर कैलाश यात्रा रूट पर दो पुल बह गए। बाकी का रास्ता भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण यात्रा रोक दी गई है। कई श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीम ने जिपलाइन की मदद से 413 तीर्थयात्रियों को बचाया है। मंगलवार रात में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भी लैंडस्लाइड हुई। सडकों पर बड़ी-बड़ी चट्टान गिरने से राज्य में 500 से ज्यादा सडकें बंद हैं। शिमला, मंडी, सोलन और कुल्लू जिले में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। उत्तराखंड में बुधवार को भी भारी बारिश जारी है। पौड़ी जिले में बादल फटा है। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक महिला का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है।

## फैक्ट्री में ब्लास्ट, 2 की मौत

मोहाली। पंजाब में मोहाली के इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में सिलेंडर ब्लास्ट हुआ है, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 4 लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की दीवारें तक हिल गईं और फैक्ट्री की छत को भी काफी नुकसान पहुंचा। सिलेंडर के टुकड़े भी 1 किलोमीटर दूर तक बिखरे मिले। इस दौरान जिन लोग की हादसे में जान गई है, उनके शरीर के अंग भी दूर-दूर जाकर गिरे। फिलहाल, ब्लास्ट की सही वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस व प्रशासन की टीमों ने करीब पांच घंटे घटनास्थल पर जुटी रहीं। मृतकों की पहचान आसिफ खान और देवेंद्र कुमार के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 25 साल थी और कंबाला के रहने वाले थे।

# पीएम मोदी जाएंगे चीन, शंघाई समिट में लेंगे हिस्सा...

## गलवान संघर्ष के बाद पहली चीन यात्रा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में एक अहम कूटनीतिक यात्रा पर निकलेंगे, जिसके तहत वे जापान और चीन का दौरा करेंगे। जापान में भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद, पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच चीन के तियानजिन शहर में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में शिरकत करेंगे।



पीएम मोदी की यह यात्रा विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह गलवान घाटी संघर्ष (2020) के बाद पहली चीन यात्रा होगी। ऐसे समय में जब वैश्विक भू-राजनीतिक समीकरण तेज़ी से बदल रहे हैं, प्रधानमंत्री की यह भागीदारी क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका को और मज़बूत कर सकती है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान रवाना होंगे, जहां वे जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस बैठक में रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी सहयोग को और प्रगाढ़ करने पर ज़ोर दिया जाएगा। भारत और जापान, दोनों इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए करीबी सहयोगी माने जाते हैं।

एससीओ समिट में पीएम मोदी की उपस्थिति को कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में आतंकवाद, क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार सहयोग और बहुपक्षीय साझेदारी जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। भारत लगातार एससीओ मंच पर आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाता रहा है।

हाल ही में जून में आयोजित एससीओ के रक्षामंत्रियों की बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद से संबंधित एक विवादास्पद दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था, जिससे भारत की सख्त नीति साफ़ झलकी थी। दस्तावेज़ में पहलगाम आतंकी हमले का कोई ज़िक्र नहीं था, जबकि बलूचिस्तान का संदर्भ देकर भारत पर परोक्ष रूप से निशाना साधा गया था। भारत के विरोध के बाद एससीओ ने संयुक्त बयान जारी नहीं किया।

### ब्रिक्स और वैश्विक दबावों के बीच अहम दौरा

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को रूस से तेल खरीदने और डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने को लेकर निशाने पर लिया है। ऐसे में पीएम मोदी की भागीदारी से भारत की रणनीतिक स्थिति स्पष्ट होगी, कि वह वैश्विक दबावों के बीच अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को कैसे संतुलित करता है। इस प्रकार पीएम मोदी की यह यात्रा केवल एक कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि भारत की विदेश नीति के नए संतुलन की झलक भी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने माथेरान में हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा की परंपरा बंद करने का कहा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के खूबसूरत हिल स्टेशन माथेरान में हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा की परंपरा बंद करने और रिक्शा चालकों की पुनर्वास योजना बनाने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि एक इंसान द्वारा दूसरे इंसान को गाड़ी में खींचने की प्रथा अमानवीय है। आज़ादी के 78 साल बाद इस प्रथा को अनुमति देना संवैधानिक वादों के साथ विश्वासघात है। कोर्ट ने गुजरात के केवडिया मॉडल का उदाहरण देते हुए कहा कि माथेरान में ई-रिक्शा एक बेहतर और मानवीय विकल्प हो सकते हैं। चीफ जस्टिस गवई ने फैसले लिखवाते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज़ाद रिक्शा चालकों के मामले में इस अदालत के फैसले के 45 साल बाद भी, माथेरान शहर में एक इंसान द्वारा दूसरे इंसान को खींचने की अमानवीय प्रथा अभी भी प्रचलित है। हमें पूरी उम्मीद है कि राज्य सरकार इस अमानवीय प्रथा को समाप्त करने के लिए कदम उठाएगी।

चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें खुद से सवाल पूछना होगा कि क्या हम सामाजिक और आर्थिक समानता के संवैधानिक वादे के प्रति सजग हैं? दुर्भाग्य से इसका जवाब नकारात्मक ही होगा। देश को आज़ादी मिलने के 78 साल और संविधान निर्माण तथा नागरिकों को सामाजिक व आर्थिक न्याय का वादा करने के 75 साल बाद भी ऐसी प्रथा जारी रखना, भारत के लोगों द्वारा खुद से किए गए वादे के साथ विश्वासघात होगा। ऐसे में हमारा मानना है कि हाथ रिक्शा की प्रथा को तुरंत बंद किया जाना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हाथ रिक्शा की प्रथा को बंद करने पर यह सवाल उठेगा कि उन लोगों का क्या होगा, जो अपनी आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं। इसका जवाब 1980 में ही दे दिया गया था। देश में 45 वर्षों के तकनीकी विकास ने ई-रिक्शा का आविष्कार किया है, जो पर्यावरण के अनुकूल हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार को हाथ से चलने वाले रिक्शा चालकों के पुनर्वास के लिए योजना बनानी चाहिए ताकि वे आजीविका से

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर कमला नेहरू महाविद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत शिशुओं को कुपोषण से बचाने एवं उनके मानसिक, शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री प्रीति उइके द्वारा छात्राओं को प्रथम स्तनपान की जानकारी दी गई जो शिशुओं को संक्रामक रोगों से बचाता है। साथ ही स्तनपान कराने वाली माता के लिए पोषण आहार से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई ताकि छात्राएं भविष्य में स्वयं व अपने आसपास की गर्भवती माताओं और स्तनपान कराने वाली माता को जागरुक कर सके। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय




परिवार एवं 30 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पुष्पा कुशरे द्वारा किया गया ।

## तमिलनाडु सरकार को राहत- उंगलुदन स्टालिन योजना पर मद्रास हाईकोर्ट का फैसला रद्द

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को बड़ी राहत देकर मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें सरकारी योजनाओं के विज्ञापनों में मुख्यमंत्री और अन्य राजनेताओं की तस्वीरें लगाने पर रोक थी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने एआईएडीएमके सांसद सी.वी. षणमुगम पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपनी राजनीतिक लड़ाई के लिए अदालत का गलत इस्तेमाल किया गया। अगर उन्हें वाकई फंड के दुरुपयोग की चिंता थी, तब उन्हें सभी ऐसी योजनाओं को चुनौती देनी चाहिए थी, न कि सिर्फ एक पार्टी की योजना को चुनौती देना उनकी राजनीति विचारधारा की लड़ाई को दिखाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर भी नाराजगी जाहिर कि याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करने के कुछ ही दिनों बाद, आयोग के फैसले का इंतजार किए बिना ही अदालत में याचिका दायर कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस कार्रवाई को चुनाव आयोग की प्रक्रिया को नजरअंदाज करना माना। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि कॉमन कॉज मामले में पहले ही प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और मुख्यमंत्री की तस्वीरों को विज्ञापनों में इस्तेमाल करने की अनुमति दी जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया और याचिकाकर्ता को एक हफ्ते में 10 लाख रुपये का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया।


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला—बालाघाट (म.प्र.)

Tel. 07632-241099(Office), Mob. 9424978190, E-Mail-cmhobal@mp.nic.in,Visit us at www.health.mp.gov.in

कमांक/निविदा/08/2025/6594 बालाघाट, दिनांक : 04 अगस्त 2025

:: निविदा शुद्धि पत्र ::

कार्यालयीन पत्र कमांक/निविदा/07/2025/6302, बालाघाट, दिनांक 25 जुलाई 2025 द्वारा साफ—सफाई सेवा कार्य, सुरक्षा कर्मी सेवा कार्य, आऊटसोर्स मानव संसाधन सेवा कार्य एवं मोबीलिटी सर्पोट वाहन सेवा कार्य के लिये विभिन्न प्रवर्गों में https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित ऑनलाईन खुली निविदा में वेबसाईट पर अभिलेखों को दिनांक 30 जुलाई 2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक अपलोड़ कर प्रकाशित किया जाना निर्धारित किया गया था किन्तु तकनीकी कारणों से उक्त समस्त प्रवर्गों के निविदा अभिलेख दिनांक 31 जुलाई 2025 को दोपहर 1:00 बजे वेबसाईट पर अपलोड होने के कारण जिला निविदा सह् कय समिति की अनुसंशा पर निविदा प्रकिया अवधि में 01 दिवस की वृद्धि करते हुये निविदाकार द्वारा ऑनलाईन निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर अपलोड़/जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 13 अगस्त 2025 सायं 5:00 तक तथा निविदा की तकनीकी बीड ऑनलाईन खोले जाने की संभावित तिथि 14 अगस्त 2025 दोपहर 12:30 बजे निर्धारित की जाती है। निविदा प्रकिया के अधीन प्री—बीड बैठक दिनांक 06 अगस्त 2025 को अपराह्न 2:30 बजे आयोजित की जावेगी ।

जी—16812/25

Digitally signed by
Paresh Uplop
Date: 04-08-2025
14:48:32

(डॉ.परेश उपलप)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला—बालाघाट (म.प्र.)

जिला निविदा सह् कय समिति द्वारा अनुसंशित



बढ़ता बहनों का विश्वास
बढ़ती घर-घर
खुशियां
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को
रक्षाबंधन का उपहार
₹1859 करोड़ की राशि का अंतरण
आज आयेंगे हर बहन के खाते में
₹250 रक्षाबंधन शगुन और
प्रतिमाह के ₹1250 सहित कुल ₹1500
28 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग
के लिये ₹43.90 करोड़ की सहायता
7 अगस्त 2025 | अपराह्न 2:30 बजे
मंडी प्रांगण, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D11075/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# कार्य विभाजन के विरोध में जिले के तहसीलदारों ने शुरू की हड़ताल

## कलेक्टर कार्यालय में शासकीय वाहन किये जमा

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। बीते दिनों सरकार द्वारा प्रदेश में तहसीलदारों के कार्य विभाजन को लेकर व्यवस्था बनाई गई हैं । जिसमें तहसीलदारों को जिले में अलग-अलग कार्य की व्यवस्था के दायित्व सौंपा गया हैं । इसे प्रत्येक जिलों में तत्काल लागू किए जाने के निर्देश भी जारी कर दिए गये हैं । इस व्यवस्था का प्रदेश सहित जिला स्तर पर भी मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ विरोध कर रहा है । 6 अगस्त से प्रदेश सहित जिले भर के तहसीलदार अनिश्चित समय के लिए हड़ताल पर चले गए हैं। तहसीलदारों ने अपने शासकीय वाहनों को भी कलेक्टर कार्यालय में जमा कर दिया है।**



आपको बता दे कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजस्व प्रशासन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। एकीकृत व्यवस्था के तहत संबंधित अधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की शक्तियाँ सौंपी गई हैं । न्यायालयीन कार्य कर रहे अधिकारी पूर्ववत राजस्व न्यायालय संचालन का दायित्व निभाएंगे, जबकि शेष अधिकारी कानून व्यवस्था, राजस्व योजना, प्रोटोकॉल, राजस्व सर्वेक्षण एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य राजस्व न्यायालय के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करना तथा राजस्व सेवा के न्यायिक एवं गैर-न्यायिक कार्यों के मध्य स्पष्ट विभाजन सुनिश्चित करना है। शासन द्वारा इसे प्रभावीय रूप से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश सभी जिलों को प्रेषित कर दिए गए हैं। उसके बाद से ही प्रदेश स्तर पर ही इस पूरी बनाई गई व्यवस्था का विरोध किया जा रहा है । प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर पर राजस्व अधिकारी इस विषय को संसोधित की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में 04 अगस्त को बालाघाट में भी प्रदेश स्तर के संगठन के आवाहन पर राजस्व अधिकारियों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था । जहां राजस्व अधिकारियों ने बताया कि जिस प्रकार की यह पूरी योजना बनाई गई है , उसमें सही मापदंड और सही योजना बनाकर कार्य नहीं किया गया है । आज भी जिला स्तर पर बहुत सी कमियां है। संसाधनों का अभाव है । ऐसी स्थिति में यदि इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा , तो उन्हें बहुत दिक्कत होगी। वह चाहते हैं कि इस व्यवस्था को लागू करने से पहले व्यवस्थाएं बना ली जाए और उसके बाद ही इस प्रणाली को लागू किया जाए । इसके बाद उन्होंने 6 अगस्त से अनिश्चित समय के लिए हड़ताल पर जाने की बात भी कही थी, किंतु सरकार से इस विषय पर कोई ठोस निर्णय नहीं आने के कारण अब प्रदेश सहित जिले भर के तहसीलदार नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं ।

### अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल शुरू कर दी है - भूपेंद्र अहिरवार

इस विषय को लेकर बालाघाट तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार द्वारा बताया गया कि इस बनाई गई व्यवस्था का जिले ही नहीं पूरे प्रदेश भर में विरोध किया जा रहा है। वह चाहते हैं कि इस बनाई गई व्यवस्था को नियम अनुसार लागू किया जाए किंतु ज्ञापन सौंपने के बाद भी सरकार ने इस विषय पर कोई कदम नहीं उठाया है। इसलिए प्रदेश संगठन के आवाहन पर उन्होंने 6 अगस्त से अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल शुरू कर दी है । विरोध प्रदर्शन के स्वरूप उन्होंने अपने शासकीय वाहनों को कलेक्टर कार्यालय में जमा भी कर दिया है ।

### यह काम होंगे प्रभावित

तहसीलदारों के अनिश्चित समय के लिए हड़ताल पर जाने का असर शहर के स्थानीय तहसील कार्यालय में भी देखने को मिला। यहां सुबह से ही सन्नाटा छाया रहा तो कुछ ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं थी, इसलिए वह नामांतरण से संबंधित कार्य के लिए आए थे। इसकी जानकारी पहले से ही आम जनता तक पहुंच गई थी इस कारण भी तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा, बताया जा रहा है कि तहसीलदारों के अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर चले जाने से नामांतरण, पेशी , खसरा सुधार , रजिस्ट्री से संबंधित कई कार्य प्रभावित होंगे ।

# लालबर्रा परिक्षेत्र में मृत पाये गए बाघ के मामले में अनुपस्थित कर्मचारियों को 02 दिन के भीतर कर्तव्य पर उपस्थित होने के निर्देश

## कर्तव्य पर उपस्थित नही होने पर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही होगी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। दक्षिण सामान्य वन मण्डल के वनमण्डलाधिकारी अधर गुप्ता ने भटेरा चौकी पम्प हाऊस गली बालाघाट निवासी वनपाल टीकाराम हनोते एवं लांजी तहसील के ग्राम साडरा, वर्तमान पता वार्ड न. 33 मोती नगर कुमार फर्नीचर के पीछे बालाघाट निवासी वनरक्षक हिमाशु घोरमारे पिता डुलचंद घोरमारे को निर्देशित किया गया है कि 02 दिन के भीतर अपने कर्तव्य पर उपस्थित हो अन्यथा उनके विरूद्ध सेवा से पृथक करने की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इन दोनो कर्मचारियों द्वारा अपने मोबाईल नम्बर बंद करके रखे गए है जो सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है और गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। वन विभाग के लालबर्रा परिक्षेत्र के बहियाटिकुर बीट क्रमांक 440 में वन्य प्राणी बाघ का शव पाया गया था। इस घटना के दौरान वनपाल टीकाराम हनोते एवं वनरक्षक हिमांशु घोरमारे इस बीट में पदस्थ थे। इस प्रकरण में 02 अगस्त को वन अपराध क्रमांक 16036/06 दर्ज कर विवेचना की जा रही है। वनपाल टीकाराम हनोते एवं वनरक्षक हिमांशु घोरमारे 03 अगस्त से कार्यालय से अनुपस्थित पाये गए है, उनके कार्य क्षेत्र की घटना होने एवं उनके द्वारा किसी प्रकार का सहयोग नही करने से अन्य जानकारी सामने नही आ रही है। जिसके कारण उन्हें दो दिन के भीतर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने के लिये अंतिम बार सूचित किया गया है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

# एक युवक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से हुआ घायल

## चांगोटोला परसवाड़ा रोड पर हुई दुर्घटना, घायल और बेहोश युवक जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। चांगोटोला थाना अंतर्गत परसवाड़ा रोड पर स्थित शारदा मंदिर के पास गोलाई में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से एक युवक मोटरसाइकिल सहित रोड़ किनारे खाई में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल युवक पंकज पिता आत्माराम पंचतिलक 22 वर्ष ग्राम पोगार झोडी टिकराटोला थाना परसवाड़ा निवासी है। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज पंचतिलक अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है। जिसके परिवार यह माता-पिता और वे दो भाई है। 6 अगस्त को पंकज पँचतिलक अपने किसी काम से मोटरसाइकिल में ग्राम पचपेड़ी चांगोटोला आया था और पचपेड़ी से अपना काम निपटाने के बाद 10ः00 बजे करीब पंकज पँचतिलक मोटरसाइकिल से अपने गांव टिकराटोला जाने निकला था। तभी चांगोटोला से परसवाड़ा रोड पर स्थित शारदा मंदिर के पास गोलाई में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और पंकज पंचतिलक मोटरसाइकिल सहित रोड़ किनारे खाई में गिरने से घायल और बेहोश हो गया। खबर मिलते ही चाँगोटोला पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल बेहोश पंकज पंचतिलक को 108 एंबुलेंस से उपचार हेतु लामता अस्पताल भिजवाए ।लामता अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद घायल पंकज पँचतिलक तिलक को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। जहां



















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट